मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, रविवार, 6 जुलाई 2025
संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 11 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 302 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028




4 ▶▶ सावन में कढ़ी-साग का सेवन हो सकता है खतरनाक, आयुर्वेद ने किया बड़ा खुलासा
बर्मिंघम टेस्ट पर भारत का शिकंजा इंग्लैंड दूसरी पारी में 72 पर तीन ◀◀ 6

### लातेहार में अपराधियों का तांडव

# कोयला साइडिंग के पास हाइवा में लगाई आग

## राहुल दुबे गैंग ने ली घटना की जिम्मेदारी, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**



**लातेहार:** शनिवार रात अपराधियों ने बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत फुल बसिया साइडिंग के पास एक हाइवा में आग लगा दी। अच्छी बात ये रही कि अपराधियों ने जब हाइवा में आग लगाई उस समय वो रेलवे साइडिंग से अलग खड़ी थी। इस घटना की जिम्मेदारी राहुल दुबे गैंग ने ली है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, शनिवार की रात कुछ अपराधी फूल बसिया रेलवे कोयला साइडिंग के पास पहुंचे और वहां खड़ी एक हाइवा में आग लगा दी। बताया जाता है कि बाइक पर सवार होकर कुछ अपराधी वहां पहुंचे थे और गाड़ी में आग लगा दी। इस दौरान अपराधियों ने फायरिंग भी की।

अपराधियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा फेंककर जिम्मेवारी लेते हुए कहा कि बिना आपराधिक संगठन से बात किए काम करने पर अंजाम बुरा होगा। बताया जाता है कि उक्त गाड़ी रेलवे साइडिंग से अलग खड़ी थी। गाड़ी में कोयला लोड नहीं था। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। हालांकि तब तक अपराधी वहां से फरार हो गए थे। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने मुहर्रम पर शहीद हजरत इमाम हुसैन को किया नमन

**संवाददाता**



**रांची:** आज देश भर में मुहर्रम मनाया जा रहा है। दुनिया भर के मुसलमान कर्बला की जंग को याद कर रहे हैं। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुहर्रम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद व नमन किया है।

सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत मानव जाति को भाईचारे का संदेश देता है, जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत को नमन।

बता दें कि इस्लामी कैलेंडर की शुरूआत मुहर्रम महीने से होती है, जिसे सबसे पाक महीनों में गिना जाता है। इस माह की खास बात यह है कि इसे सब्र, कुबार्नी और सच्चाई की मिसाल के रूप में याद किया जाता है। इस महीने में रोजा रखने का भी खास महत्व है। माना जाता है कि रमजान के बाद सबसे पुण्य फल मुहर्रम के रोजे का ही होता है। मुहर्रम की 10वीं तारीख को यौमे-ए-आशूरा कहा जाता है, जो बेहद अहम दिन होता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन ने हक और इंसाफ के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। उनकी यह कुबार्नी आज भी इंसानियत, सब्र और ईमानदारी की मिसाल बनी हुई है।



## हेमंत सोरेन और पशुपति पारस बिहार चुनाव में होंगे महागठबंधन का हिस्सा तेजस्वी यादव ने दिया बड़ा संकेत

**पटना:** बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पशुपति पारस की रालोजपा और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) महागठबंधन का हिस्सा बनेगी। शनिवार को पद्मभूषण रामविलास पासवान की जयंती समारोह में रालोजपा कार्यालय पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के मुद्दे को लेकर पशुपति पारस ने महागठबंधन में आने की इच्छा जताई है। महागठबंधन के जितने भी हमारे सहयोगी दल हैं, हमने उनके सामने इनके प्रस्ताव को रख दिया है। हम लोगों को लगता है कि जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे।

### गोपाल खेमका की हत्या को लेकर राहुल गांधी का नीतीश सरकार पर हमला, कहा-

# बिहार को बना दिया क्राइम कैपिटल



**पटना:** तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन को एनडीए को हराने की चाहत रखने वाले सबका साथ मिले, इससे बढ़िया क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसी सिलसिले में हमको रांची भी जाना था, लेकिन शिबू सोरेन की तबीयत ठीक नहीं थी। वे अस्पताल में भर्ती हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी बात हुई है। उनकी भी इच्छा थी कि महागठबंधन में आएं। हम लोग जल्दी इस पर फैसला ले लेंगे।

बता पशुपति पारस के एनडीए से अलग होने के बाद से महागठबंधन में शामिल होने की चर्चा थी। इसी साल जनवरी में दही-चूड़ा भोज पर जब राजद चीफ लालू यादव उनके घर पहुंचे थे। तभी से महागठबंधन में पारस के आने की अटकलें तेज हो गई थी। कई बार रालोजपा चीफ ने भी इशारों-इशारों में बता दिया था, कि वो देर-सबेर महागठबंधन के सहयोगी बनेंगे। वहीं हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा भी महागठबंधन में शामिल होने की तैयारी में है। हालांकि पार्टी के नेता ये भी कह चुके हैं कि अगर महागठबंधन में जेएमएम शामिल नहीं हुई तो बिहार में एक दर्जन से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

झारखंड विधानसभा चुनाव में लालू यादव की आरजेडी इंडिया अलायंस का हिस्सा थी। हेमंत सोरेन ने राजद को 6 सीटें दी थी, जिसमें 4 सीटों पर आरजेडी ने जीत दर्ज की थी। एक विधायक संजय प्रसाद यादव हेमंत सोरेन कैबिनेट में मंत्री भी है। ऐसे में जेएमएम में महागठबंधन में शामिल होने की पूरी आस है।

## ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें बंद ओजरी के पास बैली ब्रिज का निर्माण कार्य जारी



**उत्तरकाशी :** यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। मौसम का साथ मिलने पर विभाग ने काम में तेजी लाई। इसके साथ ही स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था।

प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों का बंद होने का सिलसिला जारी है। राज्य में ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में दो, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में छह ग्रामीण, अल्मोड़ा में एक राजमार्ग और एक ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में तीन ग्रामीण, देहरादून में दो ग्रामीण और टिहरी जिले में तीन ग्रामीण सड़के मलबा आने से बंद हैं।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद सड़कों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

उत्तराखंड में आज से फिर मानसून रफ्तार पकड़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने छह जुलाई को रुद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर और देहरादून में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

उधर, मलबा आने से सड़कों के बंद होने का सिलसिला जारी है। यमुनोत्री हाईवे समेत प्रदेश में 67 सड़कें बंद हैं।

## टेक्सास फ्लडः समर कैंप में आई अचानक बाढ़ में मृतकों की संख्या 51 पहुंची, 27 लड़कियां लापता



**टेक्सासः** बाढ़ में बह गए बच्चे । अमेरिका के टेक्सास में बच्चे समर कैंप में गहरी नींद में सो रहे थे और अचानक इतनी तेज बारिश हुई की नदी का पानी चंद मिनटों में 26 फीट ऊंचा हो गया । कैंप बह गया और बह गए दर्जनों बच्चे । टेक्सास में हुए इस भीषण हादसे में 51 लोगों की मौत हुई है जबकि कम से कम 27 लड़कियां लापता हैं जबकि तीन के शव बरामद हो चुके है। बाढ़ में बह गईं 27 लड़कियांः अमेरिका के टेक्सास राज्य में अचानक आई भीषण बाढ़ में अब तक 51 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई लोग अब भी लापता हैं जिनमें समर कैंप की आईं लड़कियां भी शामिल हैं। गुआडालूपे नदी के किनारे स्थित एक समर कैंप में 27 से बच्चियों के लापता होने की खबर से हड़कंप मच गया है। यह बाढ़ शुक्रवार सुबह करीब 9:10 बजे आई जब हिल कंट्री के इस इलाके में कुछ ही घंटों में 10 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। इस बेमौसम वर्षा ने गुआडालूपे नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा दिया, जिससे नदी उफान पर आ गई और आसपास के रिहायशी और कैंपिंग क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया।

### जमशेदपुर बस स्टेंड में पुलिस का छापा

## बंगाल से आ रहा लाखों रुपये का लॉटरी जब्त, दो गिरफ्तार

**जमशेदपुरः** सीताराम डेरा थाना पुलिस ने मानगो बस स्टेंड में छापेमारी कर लाखों रुपये का लॉटरी बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने अवैध लॉटरी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये अवैध लॉटरी पश्चिम बंगाल से धनबाद के रास्ते चाईबासा ले जाया जा रहा था।

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

# पुंछ में ध्वस्त किया आतंकी ठिकाना, 3 हथगोले और असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां बरामद



**पुंछ :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के जंगलों में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान यह ठिकाना मिला। इस दौरान किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से तीन हथगोले, एके असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां, पिस्तौल की 6 गोलियां और अन्य सामग्री बरामद की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया है। पुलिस के अनुसार, खानयार पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक आवासीय संपत्ति को कुर्क किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये है। यह संपत्ति खानयार इलाके के शालबाग में स्थित है और मोहम्मद यूसुफ शाह के नाम पर दर्ज है, जबकि वर्तमान में उनके बेटे मसूद हुसैन शाह के कब्जे में है। जम्मू-कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मादक पदार्थ-आतंकवाद मामले में पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद मोहम्मद यूसुफ शाह उर्फ ??सैयद सलाहुद्दीन सहित 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एसआईए, जम्मू ने यह मामला 2022 में दर्ज किया था। जांच में मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में मदद करने वाले एक सुव्यवस्थित नेटवर्क का पता चला। आरोप पत्र में सलाहुद्दीन के अलावा बडगाम के खान साहिब इलाके के हिजबुल आतंकवादी बशारत अहमद भट का नाम भी शामिल है। सलाहुद्दीन वर्तमान में सीमा पार से सक्रिय है, जबकि भट पाकिस्तान के रावलपिंडी से काम करता है।

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को पत्र, पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से बंगला तुरंत खाली कराने को कहा



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को आवंटित सरकारी बंगला खाली कराने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व सीजेआई की बंगले में रहने की अनुमति की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को भेजे पत्र में कहा है कि लुटियंस दिल्ली के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित बंगला नंबर पांच को तुरंत खाली कराया जाए। यह बंगला वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग सीजेआई का आधिकारिक आवास है। पत्र के अनुसार, जस्टिस चंद्रचूड़ को इस बंगले में रहने की विस्तारित अनुमति 21 मई, 2025 को समाप्त हो गई है। इसके अतिरिक्त, 2022 के नियमों के नियम 3बी के तहत दी गई छह महीने की अवधि भी 10 मई, 2025 को खत्म हो चुकी है। यह ध्यान देने योग्य है कि जस्टिस चंद्रचूड़ नवंबर 2022 से नवंबर 2024 तक देश के 50वें मुख्य न्यायाधीश थे। उनके उत्तराधिकारी, जस्टिस संजीव खन्ना और वर्तमान सीजेआई जस्टिस भूषण आर गवई ने सीजेआई के आधिकारिक आवास में रहने के बजाय अपने पहले आवंटित बंगलों में ही रहना जारी रखा। इस मामले में प्रतिक्रिया के लिए संपर्क करने पर, जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसके लिए अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्रशासन इस स्थिति से अवगत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें सरकार द्वारा सीमित अवधि के लिए किराए पर एक वैकल्पिक आवास आवंटित किया गया था।

## ब्राजील पहुंचे प्रधानमंत्री, भारत माता की जय के नारों से हुआ भव्य स्वागत



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के चौथे चरण में ब्राजील पहुंच चुके हैं। रियो डी जनेरियो में उनका जोरदार स्वागत हुआ। वे वहां चार दिन रहेंगे और 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम मोदी के स्वागत में प्रवासी भारतीयों ने पारंपरिक नृत्य और लोकगीत पेश किए जिसका वीडियो सामने आया है। खास डांस परफॉर्मेंस की थीम ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित था। लोग देशभक्ति गीत ये देश नहीं मिटने दूंगा पर डांस करते दिखे। इस दौरान पूरा माहौल बेहद उत्साह और गर्व से भरा हुआ था, जिसे देखकर सभी भावुक हो उठे। गाना खत्म होते ही पीएम मोदी ताली बजाते नजर आए।

**पीएम मोदी ने ब्राजील पहुंचने के बाद क्या कहा? :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गैलेओ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत के साथ ब्राजील पहुंचे। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वे रियो डी जिनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर ब्रासीलिया में राजकीय यात्रा पर जाएंगे। उन्होंने इस यात्रा के दौरान सकारात्मक बैठकों और उपयोगी संवाद की उम्मीद जताई है।

**भारत माता की जय के नारों से मोदी का स्वागतः** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ब्रिक्स साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध! प्रधानमंत्री मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रियो डी जिनेरियो पहुंचे। प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने भारत माता की जय के नारों से उनका स्वागत किया। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। उनके स्वागत के लिए संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

न्यूज IN ब्रीफ

## तुतटोली शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

खूंटी: तुतटोली एरेंडा स्थित बेंग बुरु पहाड़ पर शनिवार को एक ऐतिहासिक आयोजन में शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर आयोजित भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश सिर पर धारण कर श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

कलश यात्रा तुतटोली से प्रारंभ होकर कर्रा रोड, महतो टोली, चौधरी मोहल्ला होते हुए प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने पूजा-अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की। इसके बाद सभी श्रद्धालु बेंग बुरु पहाड़ वापस लौटे, जहां विधिवत जलाभिषेक किया गया।

स्थानीय मान्यता के अनुसार, बेंग बुरु पहाड़ पर स्थापित भोलेनाथ को जल चढ़ाने से सूखे के दौरान भी वर्षा होती है। यह मान्यता एक बार फिर सच साबित हुई, क्योंकि जलाभिषेक पूरा होते ही अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे भगवान शिव और इंद्रदेव का आशीर्वाद माना।

शाम 4 बजे तक मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की समस्त विधियां संपन्न की गईं, जिसके बाद सैकड़ों लोगों ने भव्य भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर का उद्घाटन आनंद राम एवं सेवानिवृत्त मेजर जितेंद्र कश्यप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए तथा धर्मोपदेश दिया।

रात्रिकालीन भजन-कीर्तन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक एवं यादगार घटना बन गया।

## हिंडाल्को सीएसआर विभाग ने मोदीडीह गांव में किया 'विकास भवन' का उद्घाटन

मुरी : हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर ) पहल के अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के बसरुली पंचायत अंतर्गत मोदीडीह गाँव में निर्मित विकास भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हिंडाल्को के बिजनेस हेड सौरभ खेडेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए खेडेकर ने कहा, यह विकास भवन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे गाँव के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद मिलेगी। हिंडाल्को कंपनी गाँव के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।इस अवसर पर खेडेकर ने गाँव में चल रहे बांस आधारित परियोजना का निरीक्षण भी किया और स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के मुख्य निर्माण अधिकारी (सी एम ओ ) एनएन रॉय, क्लस्टर एच आर हेड शिशिर, प्लांट हेड संदीप पाटिल, एच आर हेड अरुण राय सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पंचायत के मुखिया ललु राम उरांव ने हिंडाल्को कंपनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है और गाँव में विकास की एक नई दिशा दिख रही है।

विकास भवन का उद्घाटन ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत विकास की दिशा में हिंडाल्को की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

## प्रेमसंस बजाज के सिल्ली ब्रांच में लगा तीसरा सर्विसिंग कैंप

मुरी : प्रेमसंस बजाज ने सिल्ली में बजाज कंपनी के वेहिकल के लिए तीसरा सर्विसिंग कैंप लगाया गया। कंपनी की तरफ से भेजें गये अनुभवी मिस्त्री सुशील और ब्रांच के मोईजुद्दीन ने सभी आए गाड़ियां का मोबिल चेकअप से लेकर क्लच वायर, एक्सीलेटर वायर के सावधानी पूर्वक इस्तेमाल पर जानकारी दी। बजाज कंपनी के टेक्निकल मिस्त्री के कारीगरों के कामों से संतुष्ट हुए। ब्रांच मैनेजर साबिर का प्रयास रहता है कि कंपनी के गाड़ियां को चलाने में किसी तरह का परेशानी को तुरंत समाधान किया जाए।

## चतरा में राजद दो फाड़, दो जगह मना स्थापना दिवस



**चतरा :** राष्ट्रीय जनता दल के 29 वें स्थापना दिवस के मौके पर चतरा राजद में दो फाड़ हो गया। प्रदेश राजद महासचिव दिनेश दांगी और प्रदेश सचिव योगेन्द्र यादव गुट ने जहां शहर के नगवां में पार्टी की स्थापना दिवस मनाईं । वहीं राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव के नेतृत्व में दूसरे गुट ने

राजद नेता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष यादव के आवास पर स्थापना दिवस मनाया। शहर के नगवां में आयोजित स्थापना दिवस में चतरा जिले में राजद के संस्थापकों और पुराने कार्यकताओं की फौज दिखीं। राजद राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ. मुर्तजा, प्रदेश सचिव योगेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष राजेन्द्र राम और कई पुराने नेता नजर आए। वहीं,राजद नेता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष यादव के आवास पर आयोजित स्थापना दिवस पर एक दो को छोड़ दें तो राजद में पांच से सात वर्ष पूर्व जुड़े लोग ही मौजूद दिखे। इस दौरान केक काटकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस मनाया गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है और लालू प्रसाद यादव ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज को बुलंद किया है। वहीं शहर के नगवां में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में मंच से कई नेताओं ने खुलकर पार्टी के अंदर चल रही गुटबाजी और पक्षपात पर सवाल उठाए। राजद प्रदेश सचिव योगेंद्र यादव ने कहा कि चतरा में पार्टी उन लोगों के हाथ में है जो राजद की मूल विचारधारा से भटक चुके हैं। लालू जी के सच्चे कार्यकर्ताओं को दबाया जा रहा है ।उन्होंने यह भी कहा कि राजद का गठन शोषित, वंचित और पिछड़े समाज को हक और सम्मान दिलाने के लिए हुआ था। लेकिन अब पार्टी में ही सामंतवादी सोच पनप रही है। राजद के प्रदेश महासचिव दिनेश दांगी ने पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता पर खुलकर हमला बोला। कहा कि पूर्व मंत्री पार्टी तोड़ने का काम कर रहे हैं। श्री दांगी ने राजद जिला अध्यक्ष को फर्जी करार देते हुए कहा कि हमलोग का आयोजन असली कार्यकर्ताओं के साथ मनाया गया। कहा कि,राजद ने नगवां में सर्वप्रथम स्थापना दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया था। एक राजनीति के तहत असली राजद का मनोबल तोड़ने के लिए दूसरा स्थापना दिवस मनाने की साजिश रची गई। बहरहाल

दो अलग-अलग कार्यक्रमों ने चतरा में राजद की अंदरूनी अंतर्कलह को सतह पर लाकर खड़ा कर दिया है,जिसका पूरा असर आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है।

# दस दिन से लापता युवक का सुराग नहीं मां ने एसपी से लगाई खोजबीन की गुहार

### चतरा सांसद और विधायक से भी पीड़ित मां ने की शिकायत

### ग्रामीणों ने खुद पोस्टर लगा शुरू की तलाश



संवाददाता

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेबो गांव का एक युवक के लापता हुए दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन हंटरगंज थाना पुलिस को अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस मामले में परिजनों के द्वारा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है।परिजनों में पुलिस की निष्क्रियता से गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते खुद पीड़ित परिवार लापता युवक को खोजने का एक तरीका निकाला है। अब पीड़ित परिवार बड़े शहरों (मुंबई,नागपुर,बिलासपुर,हैदराबाद,रायपुर) रेलवे स्टेशन, हाइवे आदि पर गुमशुदा हुए युवक का पोस्टर लगाकर लोगों से अपने बेटे को ढूंढने की विनती कर रहे हैं।गायब हुए युवक की मां का रो रोकर बुरा हाल है।गायब युवक के पिता ने अपने पुत्र की गुमशुदगी की 27 जून को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कांड संख्या 20/25 दर्ज होने के बावजूद अब तक पुलिस किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। लापता बेटे की तलाश में दर-दर भटक रही बिलखती मां ने अंततः शुक्रवार को चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा और युवक की त्वरित आधुनिक तकनीकी (मोबाइल लोकेशन, सीडीआर) के माध्यम से खोजबीन की गुहार लगाई ।पीड़ित माता ने बताया कि इतने दिनों के बाद भी कोई प्रगति न होना यह दशार्ता है कि स्थानीय पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। इस संबध में पीड़ित मां की ममता यहां तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जन्नार्दन पासवान से भी लापता की सूचना दर्ज पर भी थाना प्रभारी द्वारा वांछित करवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा की 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरी बैठी है। ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा है।उन्होंने आशंका जताया कि बेटे के साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

जानें क्या है पुरा मामलाः चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेबो गांव निवासी राजदेव यादव का 23 वर्षीय पुत्र रामबली कुमार रोजी रोटी की तलाश में विगत 25 जुन को सिरसा(हरियाणा) के लिए निकला था। 25 जुन संध्या के बाद युवक का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। जिसके बाद से परिजनों का युवक से कोई सम्पर्क नही हो सका। परिजनों ने सिरसा (हरियाणा) में दोस्तों से भी जानकारी ली जहां रामबली नही पहुंचा था। लगातार परिजन रामबली कुमार को ढूंढ रहे है। यहां तक कि परिजन अपने स्तर से ढूढने के लिए छत्तीसगढ़,तेलंगाना, महाराष्ट्र का भी सफर कर पोस्टर चिपका और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। इसके बावजूद भी कोई सुराग नही मिल रहा है। इससे परिजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। ग्रामीणों ने भी पुलिस अधीक्षक से खोजबीन की गुहार लगाई है। अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक, स्थानीय सांसद और विधायक इस लापता युवक को कब तक ढूंढ निकालते है।हालांकि इस पूरे मामले में थाना प्रभारी से द्वारा बताया गया कि जांच चल रही है और तलाश जारी है। सीडीआर भी चेक किया जा रहा है।

## विकसित भारत मिशन के तहत छोटे शहरों के लघु व मध्यम उद्योगों की भूमिका पर चर्चा



संवाददाता

**खूंटी :** रांची द्वारा विकसित भारत मिशन में छोटे शहरों के लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमईएस) के महत्व विषय पर आज समाहरणालय सभागार में एक वातालर्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपायुक्त आर. रॉनिटा उपस्थित रहीं, जबकि पीआईबी दिल्ली, पटना एवं अन्य विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़े।

सरकारी योजनाओं और स्थानीय उद्यमिता पर जोर पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने स्वागत भाषण में एमएसएमईएस के माध्यम से आर्थिक विकास की संभावनाएं रखीं। ढक्ह के एडीजी एके मिश्रा ने कहा कि छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देकर विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। पीआईबी पटना के एडी कुमार सौरभ और एनयूआरएसएल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मृत्युंजय मयंक ने युवाओं को उद्यमी पोर्टल पर पंजीकरण कराने तथा सीएसआर फंड का लाभ उठाने की सलाह दी।

दिल्ली से जुड़ी कंसल्टिंग एक्सपर्ट मल्लिका पांडेय ने बताया कि सूक्ष्म उद्योगों के लिए सरकार 75 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान करती है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को बिजनेस पोर्टल पर पंजीकरण कराकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने पर बल दिया।

उपायुक्त ने सखी मंडल की सराहना कीः उपायुक्त आर. रॉनिटा ने खूंटी के युवाओं और सखी मंडल की महिलाओं को छोटे उद्यमियों के रूप में आगे बढ़ने के अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹खूंटी छोटा जिला है, लेकिन रांची के निकट होने के कारण यहां व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं। इस तरह के वातालर्प से स्थानीय उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी।

प्रतिभागियों ने उठाए सवालः कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव मुकेश जायसवाल, अरुण संगा और स्थानीय पत्रकारों ने टरटए२ से जुड़े सवाल किए, जिनका ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से जवाब दिया गया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों को पइआईबी रांची द्वारा मोमेंटो और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनजीओ प्रतिनिधियों, व्यापारियों और मीडिया कर्मियों ने भाग लिया।

## 64वें सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ




संवाददाता

**चतरा :** चतरा के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वाधान में शनिवार को तीन दिवसीय 64 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 05 जुलाई से 07 जुलाई तक चलेगा। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन चतरा के विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधानसभा विधायक उज्जवल दास, सांसद प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक राम जी प्रसाद, चतरा जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, सचिव राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गिद्धौर के बालिकाओं द्वारा बैंड धुन के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय के द्वारा अतिथियों का पौधा एवं शॉल देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में चतरा विधायक जनार्दन पासवान अपने संबोधन में खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताया कि सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन चतरा जिला में हो रहा है और मुझे उम्मीद है कि ये बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विजयी होकर चतरा जिला का नाम रौशन करेंगे। साथ ही उन्होंने बच्चों के खेल और शिक्षा में हमेशा सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं सिमरिया विधानसभा विधायक उज्जवल दास ने कहा कि बहुत मेहनत के बाद ये बच्चे विद्यालय और प्रखंड से विजयी होकर जिला स्तरीय फुटबॉल मैच खेल रहे हैं जो सराहनीय है और मुझे उम्मीद है कि ये बच्चे आने वाले समय में फुटबॉल में नाम रौशन करेंगे । जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती ममता देवी ने विभिन्न प्रखंड से आए हुए सभी खिलाड़ियों को समुचित व्यवस्था दिये जाने की बात कही ताकि बच्चों के खेल कौशल को आगे बढ़ने में अभाव आड़े ना आए। उन्होंने लड़कियों को भी खेल गतिविधियों में आगे आने की अपील की। जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम यहां के बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल में ले जाएं, यही अपेक्षा है । इसके लिए उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने में झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के द्वारा विभिन्न प्रखंड से आए हुए खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा गुब्बारा उड़ाकर, फुटबॉल में किक लगाकर एवं राष्ट्रीय गान से प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। शनिवार को आयोजित खेल में अंडर 15 बालक सुब्रत मुखर्जी फुटबॉल मैच में सर्वप्रथम हंटरगंज बनाम इटखोरी के बीच मैच हुई जिसमें इटखोरी ने हंटरगंज को 4- 0 से हराया ,दूसरा मैच लावालौंग बनाम गिद्धौर के बीच हुआ जिसमें लावालौंग 2- 0 से विजय हुआ। पहला सेमीफाइनल मैच चतरा बनाम कुंदा के बीच हुआ जिसमें चतरा की टीम ने कुंदा को 2- 0 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मयूरहंड बनाम लावालौंग में मयूरहंड की टीम ने लावालौंग को 1- 0 से पराजित किया। फाइनल मैच मयूरहंड बनाम चतरा के बीच हुआ जिसमे चतरा के टीम 2- 0 से विजई घोषित हुई।कार्यक्रम में जिला के सभी शारीरिक शिक्षक एवं टीम के कोच मैनेजर का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

## अवैध अफीम की खेती रोकथाम को लेकर कार्यशाला का आयोजन




संवाददाता

**चतरा :** जिले में अवैध अफीम की खेती की रोकथाम एवं निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता को लेकर शनिवार को जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल, चतरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कीर्तिश्री ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कीर्तिश्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक एवं विधिवत रूप से किया गया।

उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का उद्देश्यः इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य जिले में अवैध अफीम उत्पादन की रोकथाम, नशीले एवं प्रतिबंधित मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को इस विषय पर प्रशिक्षित एवं सजग बनाना था। यह कार्यशाला राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय नशा उन्मूलन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उपस्थित एवं सहभागिताः इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारी, सभी विभागीय कार्यालय प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी कमजोर करती है। जिले में अफीम उत्पादन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक और पुलिस टीम संयुक्त रूप से कार्य करें तथा प्रत्येक स्तर पर जन-जागरूकता फैलाएं।उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण स्तर पर व्यापक अभियान चलाकर नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने तथा छात्रों, युवाओं और किसानों के बीच विशेष संवाद आयोजित करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा चतरा जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है कि किसी भी प्रकार की मादक पदार्थ से संबंधित अवैध गतिविधि को सख्ती से रोका जाएगा। पुलिस बल लगातार सतर्क है। सूचना संकलन, गुप्त निगरानी एवं जनभागीदारी से ही इस चुनौती का सामना संभव है। उन्होंने स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों से अपील किया कि वे संदेहास्पद गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एनडीपीएस एक्ट, मादक पदार्थों की पहचान, सामाजिक प्रभाव, पुनर्वास प्रक्रिया एवं नशा मुक्ति केन्द्रों की भूमिका पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों को उनके भूमिका, दायित्व एवं उत्तरदायित्वों से भी अवगत कराया गया।

शपथ ग्रहण का आयोजनः कार्यशाला में एक विशेष सत्र में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ शपथ दिलाई गई। सभी उपस्थितों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को भी नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। जनप्रतिनिधियों से संवादः कार्यशाला के दौरान उपस्थित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी भी क्रमवार ली गई।प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों का शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। यह सम्मान प्रतीक स्वरूप प्रशासन की ओर से उनके सहयोग एवं सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी, उनके सुझाव एवं क्षेत्रीय अनुभवों ने कार्यशाला को और भी प्रभावशाली बनाया।

## कुटे में घुरती मेला को लेकर ग्रामीणों की बैठक

# प्रशासन को सहयोग का संकल्प, मेला के व्यवसायीकरण पर जतायी नाराजगी

मेट्रो रेज





**रांची/कुटे:** हटिया विस्थापित परिवार समिति के तत्वावधान में रविवार को कुटे गांव में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने की। बैठक में मुख्य रूप से आगामी घुरती रथ मेला को लेकर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मेला के दौरान ग्रामीण, प्रशासन और मेला में आने-जाने वाले आमजनों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चलती रथ यात्रा से लेकर घुरती रथ मेला तक सहयोग किया जाएगा। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और भविष्य में भी जारी रहेगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला उनके पूर्वजों द्वारा सैकड़ों वर्ष पहले शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य धार्मिक आयोजन के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार और आर्थिक लाभ देना था।

हालांकि, ग्रामीणों ने यह भी चिंता जताई कि पिछले कुछ वर्षों से मेले का व्यावसायीकरण बढ़ गया है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर यह स्थिति बनी रही तो ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ सकता है और व्यवसायीकरण के विरुद्ध विरोध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

बैठक में प्रमुख रूप से मनोज बैठा, पारस शाहदेव, दिलीप बैठा, कालीचरण लोहार, विशाल गुप्ता, मृत्युंजय लोहार, सरजू महतो, अर्जुन महतो, पवन लोहार, अमर बैठा, संदीप लोहार, रामकिशुन महतो, विकी कुमार, शोले उरांव, ऐते उरांव, रोहित बैठा, प्राण लोहार, अंकित कुमार महतो, सुमित कुमार, सोनू बैठा और मोनु बैठा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मेला की मूल भावना और स्थानीय सहभागिता को संरक्षित रखते हुए उचित नीति बनाई जाए, जिससे सभी को न्याय मिल सके। साथ ही जगन्नाथ पूर क्षेत्र में मांस मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगे।

## मांडर में छह दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट 31 अगस्त से

मेट्रो रेज



**मांडर :** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बूढ़ाखुखरा, (मांडर) के संयुक्त तत्वावधान में छह दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन 31 अगस्त को दोपहर 10 बजे से होगा। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और मो शाकिब ने बताया कि रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बूढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल होंगी। रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 28 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है और प्रवेश शुल्क 21 हजार रुपये है। इच्छुक टीमें और खिलाड़ी फ्रांसिस जेवियर खलखो (मोबाइल- 9661904995) और मो. शाकिब (मोबाइल- 9572104027) से संपर्क कर अपना स्थान सुरक्षित करवा सकती हैं।

खेल आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता टीम को तीन लाख रुपये नकद और एक बड़ी ट्रॉफी तथा उपविजेता को 2.21 लाख रुपये नकद और बड़ी ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली टीमों को क्रमशः 51-51 हजार रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

इस बार टूर्नामेंट में 31 अगस्त को उद्घाटन मैच सहित कुल तीन मैच खेले जाएंगे। वहीं पांच सितंबर को फाइनल के अतिरिक्त महिलाओं का एक फैंसी जिला स्तरीय मैच होगा।

## केक काटकर मनाया गया राजद का 29वां स्थापना दिवस

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में पार्टी का झंडा प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय फहराया गया एवं राजद के वयोवृद्ध नेता राजकिशोर यादव द्वारा केक काटकर नये संकल्प के साथ 29वां स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज के दिन पांच जुलाई 1997 को जनता के हित में, गरीबों, वचितों, शोषितों, युवाओं एवं किसानों के साथ हो रहे जुल्मों के देखते हुए, 17 सांसद एवं आठ राज्यसभा सांसद सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया गया। राजद को आज दो खुशी मिली है पहला आज ही दिन राष्ट्रीय जनता दल को 13वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लालू प्रसाद का ताजपोशी होना और दूसरी खुशी राजद का 29वां स्थापना दिवस। पाण्डेय ने कहा कि लालू प्रसाद शुरू से बोलते आ रहें हैं कि हमारी पार्टी दो पहिये पर चलती आ रही है, समाजिक न्याय एवं सांप्रदायिक सद्भाव दोनों मुद्दों पर 28 वर्षो से लेकर आज तक समझौता नहीं किये,यही राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की ताकत और पूंजी है।

साथ ही साथ कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि भी मनाई गई। आज की स्थापना दिवस कार्यक्रम में राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय, मदन यादव, भाष्कर वर्मा, सदाकत हूसेन अंसारी, प्रणय कुमार बब्लु, मनोज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, उमेश यादव, सुधिर गोप, ,शैल्दर शर्मा सहित तमाम कार्यकता उपस्थित हुए।

## हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

**रांची:** झारखंड में रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की।

इस दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने विमल लकड़ा की पत्नी कांति बा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना ने घटना की विस्तृत जानकारी ली। बताया जा रहा है कि विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। डॉक्टरों की टीम उनके बेहतर इलाज और देखभाल में दिन रात लगी है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विमल लकड़ा को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा है कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हो कर अपने परिवारजनों के बीच पहले की तरह हंसी खुशी जीवन व्यतीत करें।

# रांची समेत 13 जिलों में अगले दो दिन भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

संवाददाता



**रांची:** पश्चिम बंगाल में निम्न दवाब का क्षेत्र बना है, वहीं बिहार से चला साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय होकर झारखंड-पुरूलिया के रास्ते पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है। आकाश में काले-घने बादल छाये हुए हैं, जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने झारखंड के करीब 13 जिलों में सात जुलाई तक भारी बारिश, वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंदा ने कहा है कि 12 घंटे के अंदर बंगाल में निम्न दवाब का क्षेत्र काफी सक्रिय होने की संभावना है। इससे छह जुलाई को राज्य के 13 जिलों में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है। इनमें खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं। वहीं रांची, चतरा, पलामू, लातेहार, हजारीबाग, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम व पूर्वी सिंहभूम में बादल छाये रहेंगे। इन जिलों में मध्यम से भारी बारिश और वज्रपात को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने सात जुलाई को भी खूंटी, गुमला, सिमडेगा व पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश के पूवार्नुमान के तहत येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, आठ व नौ जुलाई को राज्य में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। इन दोनों दिन भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को राज्य में सबसे अधिक बोकारो में लगभग 10 मिमी बारिश हुई। जबकि रांची में आठ मिमी, जमशेदपुर में एक मिमी, मेदिनीनगर में छह मिमी, गुमला में दो मिमी और सिमडेगा में चार मिमी बारिश दर्ज की गयी।शनिवार 5 जुलाई को भी रांची के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड में 35 दिन में 404 मिमी बारिश हो गयी है, जबकि सामान्य वषार्पात 236.1 मिमी है। इस तरह राज्य में अब तक 71 मिमी बारिश अधिक हो गयी है। राजधानी रांची में अब तक 641.8 मिमी बारिश हो गयी है, जबकि सामान्य वषार्पात 243.2 मिमी है।

## हिंदी साहित्य में पहली बार शिशु काव्य पर शोध, अमन कुमार ने पेश की मिसाल



**रांची:** रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में आज एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई, जहाँ हिंदी शिशु काव्य पर आधारित पहला शोध प्रस्तुत किया गया। शोध का विषय था, ह्लहिंदी शिशु काव्य का प्रवृत्तिमूलक अनुशीलनः परशुराम शुक्ल के विशेष संदर्भ में । यह शोध अमन कुमार ने किया है। वे दूरदर्शन झारखंड के चैनल ऑपरेशंस स्पेशलिस्ट हैं। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. जीतेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में शोध कार्य पूरा किया है।

इस शोध कार्य की बाह्य समीक्षक की भूमिका में प्रो. नीरज कुमार, प्राध्यापक , वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय थे। शुक्रवार को फाइनल वायवा लिया गया और शोध की सराहना की गई। इस मौके पर मानविकी संकाय की प्रमुख डॉ अर्चना दूबे, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता यादव, हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ चंद्रिका ठाकुर, हीरानंदन प्रसाद,डॉ किरण,डॉ कुमुद कला मेहता,डॉ नियति कल्प,डॉ सुनीता कुमारी, सुनीता गुप्ता समेत बड़ी संख्या में हिंदी विभाग के शोधार्थी मौजूद थे।

शोध में हिंदी शिशु काव्य की प्रवृत्तियों, विकासक्रम और विशेष रूप से वरिष्ठ कवि परशुराम शुक्ल के काव्य-संसार का गहन विश्लेषण किया गया है। यह शोध न केवल शिशु साहित्य के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि बालमन के संवेदनात्मक विकास में साहित्य की कितनी अहम भूमिका होती है।

## वुडबॉल टीम में चयन होने पर देव पूजन ठाकुर को निपु सिंह ने किया सम्मानित



**रांची:** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री निपु सिंह ने भारतीय वुडबॉल टीम में चयन होने पर रांची के देव पूजन ठाकुर को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में फूलों का माला पहनाकर और विवेकानंद की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव की बात है कि रांची के सुकुरहुटू गांव से एक गरीब लड़का भारतीय वुडबॉल टीम में पूरे देश में 12 सदस्य टीम में अपनी जगह बनाई । उन्होंने कहा कि थाईलैंड में 8 से 12 सितंबर के बीच टूर्नामेंट होगा उसमें रांची के देव पूजन ठाकुर भाग लेंगे यह हमारे राज्य के लिए गौरव की बात है और सिंह ने और कहा कि झारखंड के खिलाड़ी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं।

## रांची मस्जिद जाफरिया से निकाला गया आशूरा का जुलूस

# सच्चाई व जीत का प्रतीक है कर्बलाः मौलाना तहजीबुल हसन

मेट्रो रेज



**रांचीः** 10वें मुहर्रम के मौके पर पूरी दुनिया में इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया जाता है। इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में तीन दिन भूखे प्यासे रहने के बाद शहीद गये थे। उसी शहादत की याद में पूरी दुनिया के मुसलमान और मानवतावादी इमाम हुसैन को याद करते हैं। उक्त बातें झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य और रांची मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहीं। वे रविवार को मस्जिद जाफरिया में 10वीं मुहर्रम की मजलिस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आज कर्बला नहीं होता तो लोगों में सच्चाई के रास्ते पर शहादत का जज्बा नहीं पाया जाता। कर्बला लोगों में सच्चाई और ईमानदारी पैदा करने का नाम है। कर्बला में इंसानियत को जगाया और यह संदेश दिया गया कि सच्चाई के लिए शहादत लेना कायरता नहीं बल्कि बहादुरी है। कर्बला के मैदान के एक तरफ मुआविया के बेटे यजीद था, तो दूसरी तरफ अली के बेटे इमाम हुसैन थे। अली के बेटे हुसैन ने सच्चाई और इंसानियत की रक्षा के लिए तीन दिनों तक भूखे-प्यासे रहकर अपनी जान कुर्बान कर दी और मुआविया के बेटे यजीद को यह बता दिया कि सच्चाई और इंसाफ पर जान देने वालों की कभी हार नहीं होती। आज यह जुलूस हुसैन की जीत का प्रतीक है। अंजुमन जाफरिया की ओर से मस्जिद जाफरिया से निकाला गया यह जुलूस विक्रांत चौक, चूना मंदिर, चर्च रोड, टैक्सी स्टैंड, डेली मार्केट थाना, उर्दू लाइब्रेरी, अंजुमन प्लाजा, डॉ फतहउल्लाह रोड होते हुए कर्बला पहुंचा। जुलूस में सभी धर्मों और संप्रदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर नोहा खानी कासिम अली, अबुजर अली, गुलाम हुसैन, गुलाम, अमीर गोपाल पुरी, असगर इमाम रिजवी ने पढ़ी। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए। सागर कुमार, जय सिंह यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकील-उर-रहमान उनकी पूरी टीम, मो इस्लाम, इमाम बख्श अखाड़ा खलीफा मो महजूद, धौताल अखाड़ा खलीफा पप्पू गद्दी, लीलू अली अखाड़ा खलीफा सज्जाद, भाजपा नेता तारिक, सुहेल सईद, सैयद निहाल अहमद, हाजी माशूक समेत अन्य संगठन पदाधिकारियों ने प्रमुख भूमिका निभाई। यह जुलूस गंगा जमनी तहजीब का केंद्र रहा। जुलूस में विशेष रूप से डॉ शमीम हैदर, सैयद जावेद हैदर, सैयद अशरफ हुसैन रिजवी, जावेद, बाकिर, इकबाल हुसैन फातमी, शारुख रिजवी, आदिल रशीद, एस एम खुर्शीद, आसिफ, जसीम रिजवी, अली इमाम, नसर इमाम, सरफराज अहमद सद्दू,, हाजी हलीमुद्दीन, नेहाल अहमद, अंजुमन अध्यक्ष मुख्तार अहमद, डॉ तारिक हुसैन, अबरार अहमद, एसपी, डीएसपी, रांची शहर के थाना प्रभारी और अन्य पुलिस के जवान शामिल थे। अंजुमन जाफरिया ने जुलूस में चल रहे लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## राज्य में और एक सप्ताह बंद रहेगी शराब की दुकानें

**रांची:** राज्य की शराब दुकानों का ऑडिट अब तक पूरा नहीं हुआ है। इस कारण फिलहाल शराब की दुकानों से शराब नहीं मिलेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला

"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"
संख्या –17 / 2025–26

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम :कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :दिनांक 15.07.2025 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक 16.07.2025 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक 16.07.2025 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :1.कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 2.सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Laying of Paver blocks in the Mandal Kara Jail, Gumla | 24,43,450.00 | 48900.00 | 5000.00 | 2 माह |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल,गुमला

PR 356586 (Building)25-26*D

# सावन में कढ़ी-साग का सेवन हो सकता है खतरनाक, आयुर्वेद ने किया बड़ा खुलासा


**हिंदू** धर्म में सावन का महीना यानी श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दौरान जहाँ भक्त पूजा-पाठ और व्रत में लीन रहते हैं वहीं खान-पान को लेकर भी कई नियम माने जाते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि ये सिर्फ. धार्मिक मान्यताएँ हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि सावन में कढ़ी और साग जैसी कुछ चीजें न खाने के पीछे गहरे वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक कारण छिपे हैं? आइए जानते हैं क्या कहता है हमारा प्राचीन स्वास्थ्य विज्ञान।

सावन का मौसम और शरीर पर असरः गर्मी के बाद जब सावन की पहली फुहारें पड़ती हैं तो मन खुश हो उठता है। चारों ओर हरियाली छा जाती है और मौसम सुहाना हो जाता है। लेकिन इस खूबसूरत मौसम की अपनी चुनौतियाँ भी हैं। आयुर्वेद के अनुसार वर्षा ऋतु में हमारी पाचन अग्नि कमजोर पड़ जाती है। शरीर में वात, पित्त और कफ जैसे तीनों दोष असंतुलित हो सकते हैं जिससे रोगों का खतरा बढ़ जाता है। यही वजह है कि इस दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।

कढ़ी और साग से दूरी क्यों? जानें ठोस कारणः आपने अक्सर सुना होगा कि सावन में कढ़ी और हरी पत्तेदार सब्जियां, खासकर साग नहीं खानी चाहिए। इसके पीछे ठोस कारण हैं:

कमजोर पाचनः मानसून में हमारा पाचन तंत्र सुस्त पड़ जाता है। कढ़ी को फर्मेंटेड दही से बनाया जाता है जिसे पचाना इस दौरान मुश्किल हो सकता है। वहीं साग जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में कीड़े और गंदगी छिपी होने की आशंका ज्यादा रहती है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आयुर्वेद कहता है कि इस मौसम में हमें हल्का और सुपाच्य भोजन ही करना चाहिए।





**तामसिक प्रभावः** धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ आयुर्वेद भी कुछ खाद्य पदार्थों को तामसिक मानता है जिनसे शरीर में आलस और सुस्ती आ सकती है। कढ़ी को तामसिक भोजन की श्रेणी में रखा जाता है। जब शरीर तामसिक ऊर्जा से भरा हो तो ध्यान और पूजा-पाठ में मन लगाना मुश्किल हो सकता है।

**दोषों का असंतुलनः** आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. भगवत स्वरूप शर्मा के अनुसार सावन में शरीर में अम्ल की कमी होती है और क्षारीयता बढ़ जाती है। ऐसे में आलू (जो क्षारीय होता है) खाने से त्वचा संबंधी समस्याएँ जैसे खुजली, दाद, फोड़े-फुंसी और बालों का झड़ना बढ़ सकता है। इसी तरह मटर वात बढ़ाती है और टमाटर अम्ल को बढ़ाता है जो इस मौसम में शरीर के संतुलन को बिगाड़ सकते हैं। इसलिए इन सब्जियों से भी परहेज करने की सलाह दी जाती है खासकर यदि वे कोल्ड स्टोरेज से आई हों।

**तो क्या खाएं जो हो फायदेमंद? आयुर्वेद की सलाह :** सावन में अपनी सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आयुर्वेद कुछ खास चीजों को खाने की सलाह देता है, जो शरीर के तीनों दोषों को संतुलित रखते हैं और आसानी से पच जाते हैः

**त्रिदोष नाशक भोजनः** ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जो वात, पित्त और कफ तीनों को संतुलित करें। आंवला और नींबू का सेवन खूब करें क्योंकि ये त्रिदोष नाशक होते हैं।

**हल्का और पोषकः** अपनी डाइट में ताजे फल, साबुत अनाज, नट्स, बीज, घी और दूध शामिल करें। ये आपको ऊर्जा देंगे और सेहतमंद रखेंगे।

**खिचड़ी है कमालः** मूंग दाल की पतली खिचड़ी इस मौसम के लिए बेहतरीन मानी जाती है। यह न सिर्फ. हल्की होती है बल्कि पाचन के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

**मौसमी सब्जियांः** इस दौरान जो सब्जियां प्रकृति में पैदा होती हैं उन्हें खाना चाहिए। भिंडी और अरबी जैसी सब्जियां पौष्टिक होती हैं लेकिन इनके साथ घी का सेवन न करें क्योंकि इनमें प्राकृतिक चिकनाहट होती है।

सावन का महीना सिर्फ. आस्था का नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का भी है। अपने खान-पान पर ध्यान देकर आप इस खूबसूरत मौसम का पूरा आनंद ले सकते हैं और कई बीमारियों से बच सकते हैं। अगली बार जब आप सावन में कढ़ी या साग खाने का सोचें तो इन आयुर्वेदिक रहस्यों को जरूर याद कर लीजिएगा।

# भिंडी को लंबे समय तक स्टोर करने के टिप्स, नहीं होगी जल्दी खराब

**अक्सर** लोग बाजार से पूरे हफ्ते की सब्जी ले आते हैं। इससे उनके समय की बचत होती है और बार बार मार्केट के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। लेकिन ज्यादा सब्जी का इस्तेमाल सही समय पर न कर पाने के कारण वह खराब भी हो जाती है। बाजार से सब्जी ले तो आते हैं लेकिन अगर उन्हें एक दो दिन में पकाते नहीं हैं तो सब्जी का ताजापन खत्म हो जाता है। गर्मियों में तो अक्सर कच्ची सब्जी सूख जाती है, या फिर सड़-गल जाती है। ऐसे में सब्जी और पैसों की बबार्दी होती है। उन्हें फ्रिज में सही तरीके से स्टोर करके कुछ दिनों के लिए ताजा बनाए रखा जा सकता है और सड़ने से बचाया जा सकता है। कई ऐसी सब्जियां हैं, जिन पर खास ध्यान देने की जरूरत है, जैसे भिंडी। भिंडी बहुत जल्दी खराब हो जाती है। दो दिन फ्रिज में या बाहर भिंडी को रख दीजिए, तो वह सूख जाती है या फिर लसलसी हो जाती है। इस तरह की भिंडी बनाने योग्य नहीं रह



जाती है। अगर आप ज्यादा भिंडी घर ले आए हों तो उसे स्टोर करने का सही तरीका जानकर खराब होने से बचा सकते हैं। भिंडी को लंबे समय तक हरी भरी और फ्रेश बनाए रखने के आसान टिप्स के बारे में जान लीजिए।

**भिंडी खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान**

-भिंडी को लंबे समय तक फ्रेश रखना है तो सबसे जरूरी है कि भिंडी खरीदते समय ही कुछ बातों का ध्यान रखें। भिंडी नरम होनी चाहिए, साथ ही उसमें बहुत सारे बीज न हों। इस बात का अंदाजा लगाने के लिए भिंडी को उंगलियों से हल्के से दबाकर देख लीजिए। पहले से ही अगर आप फ्रेश भिंडी खरीदकर लाते हैं तो उसे स्टोर करना आसान होगा।

-भिंडी खरीदते समय उसके साइज और रंग से पता लगा सकते



हैं कि वह आर्टिफिशियल फार्मिंग की है या देसी भिंडी है। छोटे साइज की भिंडी देसी होती है। सबसे अच्छी भिंडी पूसा ए-4 है, जिसका साइज मीडियम होता है और रंग डार्क ग्रीन होता है। इस तरह की भिंडी में कम लस होता है, जिसके कारण यह स्वाद में अच्छी लगती है और कई दिन तक स्टोर करने योग्य होती है।

-भिंडी को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए उसे नमी से दूर रखना चाहिए। भिंडी खरीदकर लाएं तो पहले उसे फैलाकर सूखा लें ताकि उसपर लगा पानी सूख जाए। सब्जी में जरा सा भी पानी होने से वह जल्दी खराब हो जाती है।

-भिंडी को सूखे कपड़े में लपेटकर एयरटाइट कंटेनर में रखें। ताकि भिंडी में नमी न आने पाए। इससे भिंडी जल्दी खराब नहीं होती।

भिंडी को फ्रिज में रखने के टिप्स

-अगर भिंडी को फ्रिज में रख रहे हैं तो उसे पॉलीथिन या वेजिटेबल बैग में रखकर फ्रिज में रखें। पॉलीथिन में भिंडी रख रहे हैं तो उसमें 1-2 छेद जरूर कर दें।

-फ्रिज की वेज बास्केट में भिंडी रखनी है, तो पहले वेज बास्केट में अखबार या पेपर बिछा लें। फिर एक एक करके भिंडी को व्यवस्थित कर के रखें। इससे सब्जी का पानी पेपर पर निकल जाएगा और वह ताजी बनी रहेगी।

**भिंडी को सड़ने से बचाने के उपाय**

-भिंडी को किसी ऐसी सब्जी या फल के साथ न रखें, जो नमीयुक्त हो। इससे दोनों ही चीजें जल्दी खराब हो सकती हैं।

-सब्जी को समय पर ही बना कर सेवन करें। अधिक दिनों तक रखी सब्जी भले ही आप खराब होने से बचा सकते हैं लेकिन उनकी ताजगी चली जाने और पौष्टिकता भी खत्म होने से स्वाद भी अच्छा नहीं लगता।

## क्या होता है बॉयफ्रेंड सिकनेस जानिए कहीं आप इसके शिकार तो नहीं



**आपने** अपने किसी ऐसे दोस्त के बारे में सुना है, जिसने हाल ही में किसी को डेट करना शुरू किया हो और वह अपने नए प्यार को लेकर बहुत जुनूनी हो, जैसे उनकी पूरी जिंदगी केवल अपने पार्टनर के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह अपने नए पार्टनर में इतना मग्न हो जाएं कि आपके या अन्य दोस्तों के साथ बनाई योजनाएं कैंसिल करने लगें? या आप खुद कभी ऐसी स्थिति में आए हों?

**क्या होता है बॉयफ्रेंड सिकनेसः** इस तरह का बर्ताव नया-नया डेटिंग शुरू करने वाले लोगों में सामान्य है और इस चरण को बॉयफ्रेंड सिकनेस कहते हैं। बॉयफ्रेंड सिकनेस टर्म टिकटॉक इंफ्लूएंसर के जरिए चलन में आया, जिन्होंने इसे नए रिश्ते में जुनूनी बर्ताव के रूप में समझाया। यह एक सामान्य चरण है, जहां लोग अपने नए साथी को अधिक प्राथमिकता देते हैं।

**किसी को भी हो सकती है ये समस्याः** भले ही इसे बॉयफ्रेंड सिकनेस कहते हैं लेकिन लड़का या लड़की किसी का भी बर्ताव ऐसा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह कपल्स के लिए सामान्य व्यवहार है और नए कपल के बीच बॉन्ड व लगाव गहरा करने के लिए जरूरी होता है। साथ ही अधिकतर मामलों में यह दौर अस्थाई होता है। रिश्ते के लिए जरूरी ये दौर3 कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साइकेट्री विभाग के प्रोफेसर आमिर के मुताबिक, नए रोमांटिक रिलेशनशिप में आए लोगों का दिमाग अपने साथी से बॉन्ड बनाने के लिए ओवरटाइम काम करता है। किसी अजनबी को महत्वपूर्ण बनाने के लिए बहुत सारी मशक्कत की जरूरत होती है।

## इन सब्जियों के छिलके में भी हैं कमाल के गुण, फायदे जानकर चौंक जाएंगे आप

**आज हम आपको कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आपको कभी भी भूलकर भी कभी छीलकर नहीं खाना चाहिए। इन सब्जियों के छिलकों में भी आपको ढेर सारे पोषक तत्व मिल जाते हैं।**

**हम** अक्सर सब्जियों को पकाने से या फिर खाने से पहले उन्हें छील देते हैं जिस वजह से कई बार उन सब्जियों में मौजूद न्यूट्रिएंट्स का पूरी तरह से फायदा नहीं उठा पाते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में बताने वाले हैं जिनका सेवन आपको भूलकर भी छीलकर नहीं करना चाहिए। इन सब्जियों के छिलकों में भी आपको कई तरह के न्यूट्रिएंट्स मिल जाते हैं जो आपकी सेहत के लिए काफी ज्यादा जरूरी होते हैं। तो चलिए इन सब्जियों के बारे में जानते हैं।

**खीराः** अगर आप खीरे को खाने से पहले उसे छिल देते हैं तो अब आपको ऐसा भूलकर भी नहीं करना चाहिए। खीरे में भारी मात्रा में एंटीऑक्सडेंटस क्वालिटीज और विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। यह हमारी स्किन और हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। बता दें खीरे में 90 प्रतिशत तक सिर्फ पानी ही होता है जो हमारी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।


**कद्दूः** कद्दू एक ऐसी सब्जी है जो हमारे सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है। इसमें आपको भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट क्वालिटीज, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। अगर आप कद्दू को छीलकर खाते हैं तो बता दें कद्दू का जो छिलका होता है उसमें आपको कद्दू से भी ज्यादा पोषक तत्व पाया जाता है। यह सब्जी हमारे सेहत के लिए जितना फायदेमंद है उतना ही हमारी स्किन के लिए भी।

**शकरकंदः** शकरकंद जिसे हम स्वीट पोटैटो ले नाम से भी जानते हैं। इसके छिलके में भी आपको भरपूर मात्रा में न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं। शकरकंद में आपको विटामिन-सी, विटामिन-ई, बीटा कैरोटीन और फाइबर पाया जाता है। यह सभी हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ ही आंखों की रौशनी को भी बढ़ाने में मदद करते हैं। यह हमारे स्की को सॉफ्ट बनाये रखने में भी मदद करता है।

**आलूः** आलू एक ऐसी सब्जी है जिसका सेवन सभी घरों में किया जाता है।

# गीता-रामायण-महाभारत जैसे धर्मग्रंथों का अध्ययन आज हर घर की जरूरत

**श्रीमद्भगवद्गीता,** रामायण और महाभारत जैसे धार्मिक ग्रंथ जीवन के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाते हैं। ये ग्रंथ हमें धर्म, आत्मानुशासन, कर्तव्यबोध और सामाजिक मयार्दाओं की शिक्षा देते हैं। इनके माध्यम से पाठक को नैतिकता, संयम और सही निर्णय लेने की प्रेरणा मिलती है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने के लिए इन ग्रंथों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। श्रीमद्भगवद्गीता को विश्वभर में जीवन प्रबंधन और संवाद का सर्वोच्च ग्रंथ माना जाता है। महाभारत के युद्धभूमि में अर्जुन को श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस काल में थे। रामायण भारतीय संस्कृति की रीढ़ है। इसमें भगवान श्रीराम के जीवन के माध्यम से मयार्दा, त्याग, समर्पण, कत्त्रव्य और परिवार के प्रति उत्तरदायित्व का अद्वितीय संदेश मिलता है। राम एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा के रूप में जीवन की हर कसौटी पर खरा उतरते हैं। वहीं, स्वामी विवेकानंद माता सीता को महिलाओं के लिए सर्वोच्च आदर्श मानते हैं। तुलसीदास कृत रामचरितमानस की चौपाइयां आज भी ग्रामीण भारत में जीवन का हिस्सा हैं और नैतिक शिक्षा का अमूल्य स्त्रोत बनी हुई हैं। वहीं, महाभारत में मानव जीवन के हर पहलू को छुआ गया है। महाभारत केवल युद्ध की कहानी नहीं है, बल्कि राजनीति, धर्म, नीति, कूटनीति, परिवार और समाज की जटिलताओं को प्रभावशाली ढंग से उजागर करता है। इसमें द्रोण, भीष्म, विदुर, युधिष्ठिर, अर्जुन, अभिमन्यु जैसे पात्रों के माध्यम से धर्म, विवेक, त्याग और नेतृत्व के अनेक उदाहरण मिलते हैं। इसके माध्यम से युवा वर्ग नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता और नीतिगत सोच का अभ्यास कर सकता है। आज के बढ़ती प्रतिस्पर्धा के युग में जब व्यक्ति भौतिकता की दौड़ में मानसिक तनाव और भ्रम का निरंतर शिकार हो रहा है, ऐसे समय में ये धर्मग्रंथ जीवन में संतुलन और सार्थकता प्रदान करने वाले सिद्ध हो सकते हैं।




यदि बचपन से ही बच्चों को इन ग्रंथों का अध्ययन कराया जाए, तो उनके अंदर नैतिक मूल्य, सहिष्णुता, अनुशासन और सेवा की भावना स्वतः विकसित हो सकती है। हर घर में इन ग्रंथों की उपस्थिति परिवार को एक आध्यात्मिक ऊर्जा देने का कार्य कर सकती है। जब परिवार एक साथ बैठकर रामायण या गीता का पाठ करता है, तो न केवल धार्मिक वातावरण बनता है, बल्कि पारिवारिक एकता भी सुदृढ़ होती है। इससे परिवार और समाज में आपसी संवाद में भी मधुरता आती है। यह भारतीय जीवनशैली की सामूहिकता की परंपरा को भी मजबूत करता है। इन ग्रंथों की भाषा, भाव और शैली इतनी सरल और प्रभावशाली है कि आम व्यक्ति भी इसे समझकर आत्मसात कर सकता है। गीता के श्लोक हों या रामायण की चौपाइयां, इनका प्रभाव सीधे हृदय पर पड़ता है। इन ग्रंथों को पढ़ना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मविकास की भी यात्रा है, जो व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाती है। ऐसे ग्रंथ जीवन के हर मोड़ पर सही निर्णय लेने में सहायता करते हैं। आज जब समाज में नैतिक मूल्यों में गिरावट, पारिवारिक विघटन और सामाजिक विघटन की समस्याएं बढ़ रही हैं, तब इन धर्मग्रंथों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। ये ग्रंथ न केवल व्यक्ति के आचरण को शुद्ध करने में सहायक होंगे, बल्कि समाज को भी एक सही दिशा देने का कार्य करेंगे। हमें यह समझने की भी आवश्यकता है कि हमारी यह सांस्कृतिक धरोहर एक जीवंत परंपरा है। पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण की दौड़ में हम अपने मूल्यों और ग्रंथों से दूर हो रहे हैं। जबकि गीता और रामायण जैसे ग्रंथ विश्व के अन्य देशों में अध्ययन और शोध का विषय बन चुके हैं। हमें अपने ही सांस्कृतिक खजाने को पहचानकर उसका सम्मान और प्रचार करना चाहिए। अतः यह समय की मांग है कि हर भारतीय परिवार अपने घर में इन धर्मग्रंथों की स्थापना करे, उन्हें पढ़े, समझे और आने वाली पीढ़ियों को भी इसके महत्त्व से अवगत कराए।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## श्रावणी मेला क्षेत्र तंबाकू मुक्त घोषित

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गयी कि राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की सम्पूर्ण अवधि (दिनांक-11.07.2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक-09.08.2025 तक) के लिए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को गैर धुम्रपान क्षेत्र/तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार आम जनमानस में तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने एवं सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 (कोटपा, 2003) के प्रभावकारी अनुपालन हेतु कृत संकल्पित है। इस कानून की धारा चार के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंध है। साथ ही मेला क्षेत्र में तम्बाकू के दुष्परिणामों को लेकर विशेष जागरूकता के तहत व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## जिला स्तरीय 64 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन




**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा निर्देशित तथा जिला शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल स्थानीय सिद्धो कान्हु स्टेडियम में अंतिम दिन अंडर 17 बालक वर्ग में पहला मैच उधवा और साहीबगंज के बीच खेला गया जिसमें उधवा ने 3-0 से पराजित किया ।दूसरे मैच में बरहेट ने पतना को 3 -0 से फिर मंडरो ने बोरियो को 2- 0 से पराजित किया तथा राजमहल ने तालझारी को 1 गोल से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया ।सेमीफाइनल के मुकाबले में मंडरो और उधवा ने अपने विपक्षी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया ।रोमांचक फाइनल मुकाबले में मंडरो और उधवा के बीच जो मैच खेला गया तय समय पर कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। फाइनल पेनल्टी शूटआउट के द्वारा मंडरो ने उधवा को हराकर प्रमंडल के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश यादव ने पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया । उन्होंने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर कार्यक्रम का समापन शबनम तबस्सुम में सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर प्रतियोगिता का समाप्ति की घोषणा की ।मौके पर शारीरिक शिक्षक बीरेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

**साहिबगंज :** मेरा युवा भारत साहिबगंज युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन जिला युवा अधिकारी मोंटू पत्र के दिशा निर्देश पर रविवार को वर्णवाल शिक्षण संस्थान में दास युवा क्लब महादेवगंज के सदस्यों द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में वनवास शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजित किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्णवाल शिक्षण संस्थान के निर्देश अनुराग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगा प्रसाद पूर्व के मुखिया कंचन मंडल और दास युवक क्लब के अध्यक्ष राजेश रविदास उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की प्रारंभ की गई ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माय भारत के सदस्य चंदन कुमार के द्वारा आयोजित किया एवं उन्होंने कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में पूर्ण जानकारी दी.साथ ही साथ यह कहा कि आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है ।कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि वर्णवाल शिक्षण संस्थान के निर्देशक अनुराग राजुल ने कहा कि इस धरती पर बहुत से लोग ने जन्म लिया.लेकिन हम उन्हें याद करते हैं जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का उपसर्ग किया.उन्होंने कहा कि आज के दिन डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है ।वही मेरा युवा भारत साहिबगंज के सदस्य कौशल अंसारी ने कहा कि युवा देश का वर्तमान एवं भविष्य है युवाओं को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों की जीवनी को साहित्य पढ़ने चाहिए.उनके विचारो को आत्मसात करना चाहिए ।कार्यक्रम मे के वर्णवाल शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्रा गुड़िया कुमारी,मोनिका कुमारी,किरण कुमारी, पूनम कुमारी,रोहित कुमार मिथिलेश कुमार,दीपक कुमार,पप्पू कुमार,कृष्ण देव कुमार,सचिन कुमार,मोनी कुमारी, अंशु कुमारी एवं दास युवा क्लब के सदस्य दीपक राजेश रवि आदित्य सोनू प्रकाश उपस्थित रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**दुमका :** मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ट विद्यालय, +2 जिला स्कूल दुमका में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना था। सम्मानित छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के ऐतिहासिकता जो वर्ष 1864 ईस्वी की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा को प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि झ ह्लछात्र-छात्राएं हमारे जिले का भविष्य हैं। इनकी मेहनत, लगन और अनुशासन से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने बच्चों को सफलता के तीन मूल मंत्र 3ऊके बारे में बताया डिटरमिनेशन, डिसिप्लिन और डेडीकेशन। कहा आप अभी जितना ज्यादा पसीना बहाओगे, जिंदगी की जंग इतनी आसान हो जाएगी। बच्चों को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## बाबा मंदिर में दानपात्रों को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि शनिवार को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दानपात्र को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। साथ ही गिनती के पश्चात दानपात्र से कुल 17,89,309 रुपए एवं नेपाली नगद 1510/ रुपये दान स्वरूप प्राप्त हुए। इससे अलावे मंदिर के दान पात्र को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया। पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया।

# मेला क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल और सुविधाजनक आवासन की व्यवस्था रहे चौबीसों घंटे : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के दौरान की जा रही तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता की टीम द्वारा मेला क्षेत्र में किए गए कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला की शुरूआत से ठीक पहले सारी तैयारियों को पूरी तरह से सुनिश्चित कर लें। इस दौरान मेला से संबंधित सभी विभागों के कार्यशैली की बिंदुवार समीक्षा करते हुए बाबा मंदिर, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, परिहवन विभाग, भवन प्रमंडल विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग, विद्युत आपूर्ति, वर्क डिविजन, पथ निर्माण विभाग एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।



इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विभागवार किये जाने वाले कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति के साथ वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल और सुविधाजनक आवासन की व्यवस्था को चौबीसों घंटे दुरुस्त रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को दिया। आगे उपायुक्त ने विभागों की बिन्दुवार समीक्षा के क्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास करें, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा नगरी से एक अच्छी अनुभूति लेकर अपने गंतव्य स्थान की प्रस्थान करें।

सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा का रखें ख्याल

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों को निदेशित किया गया कि आपसी समन्वय के साथ श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं हेतु कार्य करे, ताकि मेले की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रह जाय।

बैठक में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, मंदिर प्रभारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत संचरण प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, पथ एन०एच० प्रमंडल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने बासुकीनाथ में मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

संवाददाता

**दुमका :** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को बासुकीनाथ में संपूर्ण मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बनाए जा रहे आवासन केंद्र, जेटीडीसी द्वारा बनाये जा रहे टेंट सिटी, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गए अस्थायी अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवासन केंद्रों को हवादार एवं रौशनीयुक्त बनाया जाए, साथ ही पूरे मेला अवधि के दौरान नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए ।टेंट सिटी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के उपयोग हेतु डिस्पोजेबल बेडशीट का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए, और प्रत्येक उपयोग के बाद बेडशीट बदलने की व्यवस्था हो।




अस्थायी अस्पताल का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने पूरे मेला अवधि के दौरान 24x7 सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण, दवाइयां एवं चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रूट लाइन निरीक्षण के दौरान विद्युत विभाग को झूलते विद्युत तारों को दुरुस्त करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही पेयजल, शौचालय, एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों, इसके लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

इसके उपरांत उपायुक्त ने दर्शनिया टीकर एवं हंसडीहा पहुँचकर भी टेंट सिटी, आवासन केंद्र समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने महत्वपूर्ण स्थलों पर बैरिकेडिंग लगाने का भी निर्देश दिया।

श्रावणी मेला के सफल आयोजन हेतु उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने का स्पष्ट निर्देश दिया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति पूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार

**साहिबगंज :** सभी सम्मानित ज़िला वासियों से अनुरोध है कि आप मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति पूर्ण ढंग से मनाएं। यह पर्व हमें त्याग बलिदान और शांति का संदेश देता है। समाज में अमन-चैन और सौहार्द बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है ।जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए जाते हैं कि कोई भी व्यक्ति या समूह किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भ्रामक, आपत्तिजनक सांप्रदायिक भावना भड़काने वाली सामग्री सोशल मीडिया पर शेयर न करें। इसमें फोटो, वीडियो, मैसेज या कमेंट्स शामिल हैं। ऐसा कोई भी कृत्य आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दंडनीय अपराध है ।सभी व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन से विशेष अपील आप अपने ग्रुप में साझा की जाने वाली सामग्री पर निगरानी रखें। यदि आपके ग्रुप में कोई व्यक्ति आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट करता है और एडमिन उस पर कार्रवाई नहीं करता, तो एडमिन को भी सहअभियुक्त माना जाएगा और उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।सोशल मीडिया में आए किसी भी मैसेज फोटो और वीडियो पर तुरंत अपना प्रतिक्रिया ना देऔर ना ही इसे शेयर करें ।किसी भी प्रकार की अफवाह या झूठी जानकारी पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाना या दूसरों को गुमराह करना सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ता है और कानून के अनुसार यह एक गंभीर अपराध है ।यदि आपको कोई संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्वों की हलचल, अफवाह फैलाने की कोशिश, या किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी मिलती है, तो तुरंत नजदीकी थाना या जिला नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी ।जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर इस प्रकार हैं ।9006963963 , 9631155933 ,टेलिफोन नंबर-06436-356485,इस पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की धार्मिक जातीय या व्यक्तिगत भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली गतिविधि से बचें। जिला प्रशासन सतर्क है और हर स्थिति पर नजर रखे हुए है। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सीसीटीवी निगरानी, पुलिस गश्ती दल, दंडाधिकारी तैनाती आदि की व्यवस्था की गई है।

## एम्स समीप चिन्हित भूखंड में केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का होगा निर्माण

देवघर : जिले केउपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्थायी तौर पर एम्स से कुछ दूरी पर रामूडीह गांव में स्थित छात्रावास में केंद्रीय विद्यालय चालू करने से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने एम्स परिसर समीप चिन्हित भूखंड में केंद्रीय विद्यालय के स्थाई भवन के निर्माण को लेकर किए जाने वाले कार्यों हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश। साथ ही अस्थाई चिन्हित भवन के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्यों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिया, ताकि भवन का उपयोग

बैठक में अपर समाहर्ता, एम्स के डिप्टी डायरेक्टर एडमिन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रभारी प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय मधुपुर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केवल कागज पर हो रहा है संचालित

**साहिबगंज/उधवा :** सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के विश्व में धातृ माताओं व बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए प्रयासरत है।परन्तु आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका व सहायिका के की लापरवाही, मनमानी और धांधली की वजह से इनका लाभ बच्चों व महिलाओं को नहीं मिल पाता है।आदिवासी इलाका हो या गैर आदिवासी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केवल कागज और कलम पर संचालित किए जा रहे हैं।विडंबना तब और होती है जब आदिवासी इलाकों में कार्यरत तथाकथित आदिवासी सेविका व सहायिका भी भ्रष्ट सिस्टम के साथ बखूबी चलना सिख चुका हो.ताजा मामला प्रखंड के आतापुर पंचायत स्थित केशवबाटी आंगनबाड़ी केंद्र




कोड संख्या 20352080808 एवं गुरुचरणपुर की जहां शनिवार को दो आंगनबाड़ी केंद्रों का हाल जानने पहुंचे तो देखते ही रह गए।केशवाटी गांव में सड़क किनारे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का पड़ताल करने पर पाया गया कि सुबह लगभग 10 बजे तक एक भी बच्चा उपस्थित नहीं थे।सेविका भी गायब मिली.केंद्र में एक फटा हुआ दरी वह भी काफी गंदा था पड़ा हुआ था केंद्र की छत जर्जर हालत में है ऊपर से बालू व सिमेंट के टुकड़े टुटकर गिर रहे हैं।जब सहायिका सुशीला किस्कू से खाना बना रही थी उनसे बच्चों व सेविका के उपस्थित के बारे पूछने पर बताया कि सेविका घर में हैं और बच्चा अभी तक नहीं आया है.बताया कि उक्त केंद्र में लगभग 40-45 नामांकित हैं. वहीं गुरूचरणपुर आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 20352080812(322) पर पड़ताल करने पर देखा गया कि उक्त केंद्र में भी एक बच्चा उपस्थित नहीं थे, केंद्र भवन जर्जर अवस्था में है।छत के ऊपर जंगली घास उग चुके हैं, केंद्र तक जाने के लिए फिलहाल कोई रास्ता नहीं है,देखने पर प्रतीत होता है कि उक्त केंद्र वर्षों से बंद पड़े हैं।और भूतिया निवास कर रहे हैं,हालांकि सेविका व सहायिका का घर से सटा रहने के कारण सेविका घर में ही थीं.सेविका ने बताया कि उनके केन्द्र में लगभग 40 बच्चों के नाम पंजीकृत है।

# हमारे विद्यालय में एमडीएम का पैसा 4 महीने से नहीं मिला है : राजेन मरांडी

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। कहीं शिक्षक गायब तो कहीं छात्रों की उपस्थिति नगण्य रहता है।वहीं दूसरी ओर विद्यालय की देखरेख व निगरानी के लिए बनी प्रबंधन समिति निष्क्रिय देखा जा रहा है। केवल कुछ लोग नाममात्र के समिति के अध्यक्ष व सदस्य बने हुए हैं।इनकी पास जिम्मेदारी नाम की कोई चीज नहीं बची है।वहीं शिक्षक भी पूरानी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।हाजरी बनाकर घरों व निजी कार्य में व्यस्त हो जाते हैं।विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु विभाग की ओर से निर्देशित किया जाता है।परन्तु धरातल पर नहीं उतर पा रहा है ।ताजा मामला उधवा प्रखंड के आतापुर पंचायत के गेड़ापोखर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय नवपाड़ा की है। जहां शनिवार को इन दोनों




विद्यालयों की स्थिति एक जैसी देखने को मिला.उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गेड़ापोखर में प्रथम से लेकर पांचवीं तक कुल 77 छात्र नामांकित हैं, जिसमें से शनिवार को 10:45 बजे तक महज 12 बच्चे ही उपस्थित थे.इन विद्यालय में दो शिक्षक कार्यरत हैं।जिनमें राजेन मरांडी प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर हैं तो दूसरे रोमेलाल मरांडी सहायक शिक्षक के पद पर हैं।वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेन मरांडी हाजरी बनाकर विद्यालय से गायब थे।पूछने पर बताया गया है। उसकी तबीयत खराब है। सहायक शिक्षक से छात्रों की उपस्थिति के बारे में पूछने पर बताया कि धान रोपनी का समय है, इसलिए विद्यालय में पढ़ने कम छात्र आते हैं.वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय नवपाड़ा में दो शिक्षक कार्यरत हैं, जिसमें गंगा प्रसाद मंडल व सहायक शिक्षक प्रफुल्ल कुमार दास है. इन विद्यालय की हाल वैसी ही देखने को मिला. उक्त विद्यालय में 100 बच्चे नामांकित हैं, जिनमें शनिवार 9:50 बजे तक महज 34 बच्चे ही उपस्थित देखा गया ।वहीं सहायक शिक्षक प्रफुल्ल कुमार दास विद्यालय से गायब थे। मध्यान्ह भोजन की भी स्थिति ठीक नहीं है प्रभारी प्रधाना ध्यापक गंगा प्रसाद मंडल ने बताया कि हमारे विद्यालय में एमडीएम का पैसा 4 महीने से नहीं मिला है उधारी लेकर चला रहे हैं।

## जब तुम पैदा होगी, तुम्हें हर बार पा लूंगा..बीवी की याद में चूर पराग त्यागी ने फिर किया इमोशनल पोस्ट



**एक्ट्रेस** और मॉडल शेफाली जरीवाला अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनका 27 जून को अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया था, जिससे फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा। वहीं, उनके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल नजर आया। शेफाली की मौत से उनके पति व एक्टर पराग त्यागी बुरी तरह टूट गए हैं और उनकी यादों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने अपनी बीवी को खोने के 7 दिन बाद एक इमोशनल पोस्ट किया था। वहीं, इसके बाद एक बार फिर पराग ने शेफाली की याद में दिल चीर देने वाला पोस्ट लिखा है। उनका ये पोस्ट देख फैंस भी भावुक हो रहे हैं और कमेंट कर उन्हें हिम्मत दे रहे हैं।

पराग त्यागी ने कुछ घंटों पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बीवी शेफाली जरीवाला संग बिताए खूबसूरत पलों का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है।


इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- मैं तुम्हें हर बार पा लूंगा, जब तुम पैदा होगी और मैं तुम्हें हर जिंदगीभर में प्यार करूंगा। मैं तुमसे हमेशा प्यार करता हूं, मेरी गुंडी मेरी छोकरी। इसके इस पोस्ट से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्टर अपनी बीवी को खोने के बाद कितने दर्द हैं और किस कदर उन्हें याद करते नजर आ रहे हैं। इससे पहले पराग ने शेफाली जरीवाला के निधन के बाद किए गए पहले पोस्ट में सभी फैंस और चाहने वालों को धन्यवाद दिया था और कहा था कि वह परी को हमेशा अपनी दुआ में याद रखें।

## आराध्या के पास ना स्मार्टफोन ना सोशल मीडिया अकाउंट..मां ऐश्वर्या ने लगाई है पाबंदी! बेटी की परवरिश पर अभिषेक को है नाज



**पिछले** एक साल से अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के बीच अनबन की खबरें आ रही हैं। कहा जा रहा था कि दोनों अलग हो गए हैं और तलाक लेने वाले हैं। इन तमाम अफवाहों पर अभिषेक या ऐश्वर्या ने खुलकर कुछ नहीं कहा पर अब अभिषेक ने रिएक्ट किया। अभिषेक ने एक इंटरव्यू में अपनी फैमिली लाइफ के बारे में बात की। इसके साथ ही बताया कि पत्नी ऐश्वर्या राय किस तरह बेटी आराध्या की परवरिश कर रही हैं। अभिषेक बच्चन ने आराध्या की अच्छी परवरिश का सारा क्रेडिट ऐश्वर्या को दिया। अभिषेक ने कहा- 'मैं हर चीज का क्रेडिट पूरी तरह से आराध्या की मॉम ऐश्वर्या राय को देना चाहूंगा। मुझे आजादी है और मैं अपनी फिल्में बनाने के लिए बाहर जाता हूं लेकिन ऐश्वर्या आराध्या के साथ काफी मेहनत करती हैं। वह कमाल की हैं और एकदम निस्वार्थ। मुझे यह हैरान करता है। सामान्य तौर पर मांओं की तरह, मुझे नहीं लगता कि पिताओं में इतनी क्षमता होती है। शायद हम अलग तरह से बने होते हैं। हम बाहर जाने के बारे में ज्यादा सोचते हैं, हमें कुछ करना होता है। हमें काम करना होता है। हम मकसद पाने पर फोकस रखते हैं।' उन्होंने आगे कहा- 'हम यह कहने में थोड़ा कतराते हैं कि नहीं, यह मेरी बच्ची है और यह मेरे लिए मेरी सबसे पहली प्रायोरिटी है। मुझे लगता है कि यह कमाल की चीज है और एक गिफ्ट इसीलिए हम सभी लोग मांओं की तरफ ही मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। तो आराध्या के लिए तो पूरा क्रेडिट ऐश्वर्या को ही जाता है।' आराध्या के पास कोई फोन या सोशल मीडिया पर अकाउंट नहीं अभिषेक आगे बोले, 'वो किसी सोशल मीडिया पर नहीं है। उसके पास कोई फोन नहीं है। मुझे लगता है कि उसकी परवरिश जिस तरह से की गई है उसने उसे बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ लड़की बना दिया है। यही उसकी व्यक्तिगत पहचान है। वह बहुत कमाल की है। वह हमारे परिवार का गौरव है। हम उसे पाकर धन्य महसूस करते हैं। आराध्या, ऐश्वर्या से लंबी है।

## जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे एक्टर की मदद के लिए आगे आए प्रभास, किडनी ट्रांसप्लांट के लिए देंगे 50 लाख?



**साउथ फिल्मों** के एक्टर प्रभास न सिर्फ फिल्मों के ही दमदार हीरो हैं, बल्कि रियल लाइफ में भी वह बेहद नेकदिल इंसान हैं। वह कई बार अपनी नेकी से फैंस का दिल जीत चुके हैं। अब हाल ही में फिर एक्टर ने ऐसा काम किया है, जिससे उनके प्रशंसक तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दरअसल, प्रभास ने हाल ही में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे तेलुगु सिनेमा के मशहूर एक्टर की किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 50 लाख की मदद का हाथ बढ़ाया है। इस बात का खुलासा पीड़ित एक्टर की बेटी ने किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलुगु फिल्मों के मशहूर एक्टर फिश वेंकट इस वक्त आईसीयू में हैं और काफी समय से किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं। वह किडनी फेल होने की वजह से एक से ज्यादा डायलिसिस पर हैं। फिश वेंकट की बेटी श्रवंती ने वन इंडिया से बातचीत में बताया कि उनके पिता का जल्द से जल्द किडनी ट्रांसप्लांट करवाना है, जिसके लिए लगभग 50 लाख रुपए लगने है। उन्होंने बताया कि प्रभास ने 50 लाख के आसपास मदद का वादा किया है। उनकी असिस्टेंट ने हमें फोन किया था और उन्होंने हमें फाइनेंशियल सपोर्ट ऑफर की है । श्रवंती ने ये भी बताया कि जैसे ही किडनी ट्रांसप्लांट होगा वह मदद करेंगे। वेंकट की बेटी ने ये भी बताया कि परिवार में किसी का भी ब्लड टाइप उनसे मैच नहीं होता है। उन्होंने चिरंजीवी से लेकर पवन कल्याण, अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर सहित कई एक्टर्स से मदद की गुहार लगाई है। इस दौरान बात करते हुए श्रीवंती थोड़ा भावुक हो गई और दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता ने इंडस्ट्री में दो दशक से भी ज्यादा काम किया है।

# न्यूयॉर्क में दिखा रामायण का जादू टाइम्स स्क्वायर पर भव्य झलक

**रामायण** कोई आम कहानी नहीं, बल्कि 5,000 साल पुरानी एक विरासत है, जिसे दुनियाभर में 2.5 अरब से भी ज्यादा लोग मानते हैं। जब भारत के नौ शहरों में इसकी पहली झलक दिखाई गई तो लोगों में जोश देखने लायक था। और अब यही झलक दुनिया के सबसे मशहूर स्थानों में से एक न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में दिखाई गई, जिसने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

रामायण की झलक जब मैनहैटन की बड़ी स्क्रीन पर दिखाई गई, तो पूरा इलाका रोशनी और भक्ति के रंग में रंग गया। जैसे-जैसे फिल्म के दमदार सींस स्क्रीन पर चलते गए, वहां मौजूद लोग हैरानी और भावनाओं से भर उठे। चमकते रंगों, शानदार वीएफएक्स और जबरदस्त विजुअल्स के साथ रामायण की पहली झलक ने दिखा दिया कि यह अब तक की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म है।




ऑस्कर जीत चुके संगीतकार हांस ज़िमर और एआर. रहमान पहली बार मिलकर एक ऐसा संगीत बना रहे हैं, जो हर किसी के दिल को छू जाएगा और लंबे समय तक याद रहेगा। आईएमए के लिए बनाई जा रही रामायण एक ऐसी फिल्म है जो देखने और महसूस करने का शानदार अनुभव देगी, यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक ग्रैंड और दिल से जुड़ी हुई यात्रा है, जो देश-विदेश और समय की सीमाओं को पार कर जाती है।

रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। रामायण को एक शानदार ग्लोबल फिल्म की तरह तैयार किया जा रहा है, जो अपनी कहानी में तो सदियों पुरानी है, लेकिन इसका पैमाना और पेशकश आज के दौर के हिसाब से बिलकुल नया और शानदार है।

इस महाकाव्य रामायण का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं और इसे नमित मल्होत्रा की प्राइम फोकस स्टूडियोज ने 8 बार ऑस्कर जीत चुकी डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। दुनियाभर में आईमैक्स पर यह दो पाट्र्स में रिलीज होगी, इसका पहला पेट दिवाली 2026 में और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा ।

# बर्मिंघम टेस्ट पर भारत का शिकंजा इंग्लैंड दूसरी पारी में 72 पर तीन



**एजेंसी/ बर्मिंघम:** बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल की दमदार बल्लेबाजी और मध्यक्रम के महत्त्वपूर्ण सहयोग से इंग्लैंड के खिलाफ 608 रन का पहाड़ा सा लक्ष्य दिया। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 72 रन बना लिए थे। भारत ने टेस्ट पर शिकंजा कस लिया है। इससे पहले शुभमन गिल ने भारत की पहली पारी में शानदार 269 रन बनाए थे। अब शुभमन ने भारतीय टीम की दूसरी पारी में 13 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 162 गेंदों पर 161 रन बनाए। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 427 रन पर डिक्लेयर की।

भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार एक मैच में 1000 या इससे ज्यादा रन बनाए। शुभमन एक मैच में 400 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। मैच के चौथे दिन टीम इंडिया ने शनिवार सुबह 64/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केएल राहुल (55 रन) और यशस्वी जायसवाल (28 रन) को जोश टंग ने आउट किया। करुण नायर (26 रन) को ब्रायडन कार्स और ऋषभ पंत (65 रन) को शोएब बशीर ने पैवेलियन भेजा। वहीं, रविंद्र जडेजा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे। दूसरी पारी खेलने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। इंग्लैंड ने पांच ओवर के अंदर दो अहम विकेट जैक क्रॉली (0) और बेन डकेट (25) गंवा दिए। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 10 ओवर में 50/2 रन बना लिए थे। ओली पोप (17) और जो रूट (6) रन बनाकर खेल रहे थे।



## 'पति सिद्धार्थ मल्होत्रा संग स्पॉट हुईं प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी, मीडिया को देखते ही छाते से छुपाया बेबी बंप

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इस समय अपनी प्रेग्नेंसी लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। कियारा जल्द ही पति सिद्धार्थ मल्होत्रा संग पहले बच्चे का स्वागत करेंगी। वहीं जब से कियारा ने प्रेग्नेंसी अनाउंस की है तब से ही वह मीडिया से बचती दिखी हैं। अब एक बार फिर जब कियारा को मीडिया ने कैप्चर करना चाहा तो वह बचती दिखी। दरअसल, कियारा शुक्रवार शाम पति सिद्धार्थ संग क्लनिक के बाहर स्पॉट हुईं। इस दौरान एक्ट्रेस मीडिया से बचती नजर आई।

इस दौरान एक्ट्रेस सिंपल लुक में दिखी। उन्होंने रेड कलर की शर्ट पहनी थी और चेहरे पर मास्क लगाया था।मीडिया को देख कियारा आडवाणी छाते से अपना बेबी बंप छुपाती हुई नजर आई। एक्ट्रेस ने पैप्स को कोई पोज नहीं दिए। कियारा और सिद्धार्थ मीडिया की नजरों से बचते हुए गाड़ी में बैठते हुए दिखाई दे रहे हैं।

कियारा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसने फिर लोगों को यह अनुमान लगाने पर मजबूर कर दिया कि कियारा इस बात की ओर इशारा दे रही हैं कि वह बेबी गर्ल को जन्म देने वाली हैं। इस पोस्ट में कियारा ने एक कॉफी मग की तस्वीर शेयर की है जिसमें एक शेर बना है और इसमें लायन लिखा है। अब कियारा के इस पोस्ट की जमकर चर्चा हो रही है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- 'क्या वह लियो सीजन (जुलाई के अंत में और अगस्त की शुरूआत में) बेबी गर्ल को जन्म देने वाली हैं?' वर्कफ्रंट की बात करें तो कियारा आडवाणी आखिरी बार फिल्म 'गेम चेंजर' में नजर आई थी। फिल्म में उनके राम चरण नजर आए थे। कियारा जल्द ही ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ 'वॉर 2' में नजर आएंगी, जो 14 अगस्त 2026 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा वो यश के साथ अपनी पहली कन्नड़ फिल्म 'टॉक्सिक' में दिखेंगी, जिसका निर्देशन गीतू मोहनदास कर रही हैं।

# वैभव और विहान की शतकीय पारी से भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को 55 रन से हराया

**वॉर्सेस्टर:** वैभव सूर्यवंशी (143) और विहान मल्होत्रा (129) की शतकीय पारियों की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने शनिवार को चौथे यूथ एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 55 रनों से हरा दिया। 364रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को बीजे डॉवकिंस और जोसेफ मूर्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 104रन जोड़े। नमन पुष्पक ने जोसेफ मूर्स (52) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में उन्होंने बेन मेयस (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रॉकी फ्लिंटॉफ ने बीजे डॉवकिंस के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।



तीसरा विकेट बीजे डॉवकिंस (67) के रूप में गिरा और इसके बाद इंग्लैंड की पारी लड़खड़ती चली गई। इस दौरान रॉकी फ्लिंटॉफ एक छोर थामे खड़े रहे। कप्तान थॉमस रियू (19), जैक होम (12) और तजीम चौधरी अली (13) रन बनाकर आउट हुये। रॉकी फ्लिंटॉफ ने 91 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 45.3 ओवर में 308 रन पर सिमट गई। जेम्स मिंटो 19 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय टीम ने यह मुकाबला 55 रनों से जीत लिया।

भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से नमन पुष्पक ने तीन विकेट लिये। अमब्रिश को दो विकेट मिले। कनिष्क चौहान और दीपेश देवेंद्रन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इंग्लैंड की अंडर-19 टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरूआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट कप्तान आयुष म्हात्रे (पांच) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विहान मल्होत्रा ने वैभव सूर्यवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 219 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज यूथ एकदिवसीय शतक बनाया।

28वें ओवर में वैभव को बेन मेयस ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 78 गेंदो में 13 चौके और 10 छक्के लगाते हुए (143) रनों की आतिशी पारी खेली। इसके बाद कोई भी भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। हालांकि इस दौरान विहान मल्होत्रा एक छोर थामे रहे और उन्होंने अपना शतक पूरा किया। विहान मल्होत्रा ने 121 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (129) रन बनाये। अभिज्ञान कुंडु 23 रन बनाकर आउट हुये। भारत के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 363 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। युद्धजीत गुहा 15 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से जैक होम ने चार और एस मोर्गन ने तीन विकेट लिये। जेम्स मिंटो और बेन मेयस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मंडी में फिर फटा बादल, लोगों की जमीनें बहीं, प्रदेश में आज है भारी बारिश का अलर्ट



**मंडी:** जिले में एक बार फिर बादल फटने से तबाही मची है। पद्धर उपमंडल की चौहारघाटी सिल्हबुधानी के कोरतंग के साथ लगते नाले में देर रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार के जानमाल को नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन नाले के साथ लगती मलकियत भूमि बह गई है। एसडीएम पद्धर सुरजीत सिंह पूरी टीम सहित पद्धर रवाना हो गए हैं। बता दें कि मौसम विभाग ने रविवार को फिर से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने मंडी, कांगड़ा और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, सात जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, चंबा, कुल्लू, शिमला और सोलन के लिए ऑरेंज अलर्ट है। जबकि कांगड़ा, चंबा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिले के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 7-8 जुलाई को पूरे प्रदेश में ऑरेंज और 9 जुलाई को येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## मंडी में भारी बारिश के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित



**मंडी:** मंडी नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में चल रहे वर्षा ऋतु के दौरान लगातार हो रही बारिश के कारण नगर में नियमित पेयजल आपूर्ति बनाए रखना अत्यंत कठिन हो गया है। आज प्रातः काल से उहल नदी से जल आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई है, क्योंकि इंटेक सिस्टम में अत्यधिक गाद (सिल्ट) जमा हो गई है। हमारी टीमें मौके पर भेजी जा चुकी हैं, लेकिन लगातार वर्षा के कारण पुनः स्थापना कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इसी के साथ-साथ पट्रोल पंप हाउस की मोटरें भी कार्य नहीं कर रही हैं, क्योंकि नदी का जल अत्यधिक गंदला (टर्बिड) हो गया है, जिससे जल को उठाना संभव नहीं हो पा रहा है।

इसके अतिरिक्त, नगर के बिजनी, जेल रोड, टारना एवं अन्य क्षेत्रों में पाइपलाइनों के बार-बार टूटने की घटनाएं भी जल वितरण को प्रभावित कर रही हैं। वस्तुस्थिति को देखते हुए यह प्रतीत हो रहा है कि अगले दो दिन पेयजल आपूर्ति बाधित रह सकती है, इसके लिए नगरवासियों को तैयार रहना पड़ेगा। इस स्थिति में हम जनता से अपील करते हैं कि जल का उपयोग अत्यधिक सावधानी से और संयमपूर्वक करें तथा किसी भी प्रकार की बबार्दी से बचें।

किसी भी जानकारी या समस्या के लिए कृपया हमारे हेल्पलाइन नंबर 01905-222855 पर कॉल करें। अधिकारियों के व्यक्तिगत मोबाइल नंबर लगातार क्षेत्र से जानकारी एकत्र करने और कर्मचारियों को निर्देश देने में व्यस्त रह सकते है। हमें नगरवासियों को हुई असुविधा के लिए खेद है और हम आपको आश्वस्त करते हैं कि जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

## ब्रिटेन में रह रहा हथियार डीलर संजय भंडारी भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित, संपत्ति होगी जब्त

### ईडी की याचिका पर दिल्ली के कोर्ट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली:** नई दिल्ली स्थित एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करते हुए ब्रिटेन में रह रहे हथियार डीलर और रक्षा सलाहकार संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत की गई है। इस फैसले के बाद अब ईडी को उसकी संपत्तियों को जब्त करने का कानूनी अधिकार मिल गया है। संजय भंडारी पर काले धन, मनी लांड्रिंग और विदेशों में अवैध संपत्ति के गंभीर आरोप हैं। भंडारी ने कोर्ट में यह दलील दी कि वह लंदन में कानूनी रूप से रह रहे हैं और ब्रिटेन की अदालत ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को खारिज कर दिया है, इसलिए उन्हें भारत के कानून के तहत भगोड़ा नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन कोर्ट ने उनकी दलीलों को खारिज कर ईडी के पक्ष में फैसला सुनाया। इस घटनाक्रम से रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। संजय भंडारी का नाम रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े एक मनी लांड्रिंग मामले में भी आया है।

## बिहार में 4 साल की बच्ची से हैवानियत, चेहरे पर खून के धब्बे, निचले हिस्से का कपड़ा गायब

**पटना:** बिहार के भोजपुर में पीरो नगर में दुष्कर्म के बाद चार साल की एक मासूम बच्ची की हत्या कर दी गई है। वह दो दिनों से लापता थी। गुरुवार की शाम से गायब बच्ची का शव शनिवार की दोपहर उसी मोहल्ले में गोबर से भरे गड्ढे से बरामद किया गया। बच्ची के चेहरे और निचले भाग पर खून के धब्बे पाए गए हैं। शरीर के निचले हिस्से का कपड़ा भी गायब था। ऐसे में दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने की बात कही जा रही है।

मोहल्ले के ही एक किशोर पर दुष्कर्म और हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। बच्ची के परिजनों के अनुसार आरोपित किशोर नशे का आदी है। इधर, पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित किशोर, उसके पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी राज की ओर से घटना और गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और त्वरित सजा दिलायी जायेगी। इसके लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान किशोर की ओर से दुष्कर्म करने के बाद गला दबाकर बच्ची की हत्या करने की बात सामने आयी है। मामले में साक्ष्य छुपाने के आरोप में उसके पिता और भाई को गिरफ्तार किया गया है।

## मुजफ्फरनगर में ट्रक की टक्कर से महिला और उसके बच्चे की मौत, सात अन्य घायल

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना कस्बे में एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गजेंद्र पाल सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि यह हादसा शनिवार को खतौली मोड़ के पास हुआ। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। सीओ ने बताया कि मृतकों की पहचान आरिफ की पत्नी चांद बीबी (35) और उसके तीन वर्षीय बेटे अली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच की जा रही है।

## गोपाल खेमका के कातिल का मिला सुराग, शूटर का अंतिम लोकेशन हाजीपुर में, गैंगस्टर अजय वर्मा से पूछताछ





**पटना:** राजधानी पटना में कारोबारी और उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के बाद पुलिस और एसटीएफ कई पहलुओं पर तफ्तीश में जुटी है। शूटर ने जिस तरीके से इस घटना को अंजाम दिया, उससे यह शक है कि सुपारी देकर पेशेवर शूटर से हत्या कराई गई और इस वारदात का मास्टरमाइंड कोई और है। गोपाल खेमका हत्याकांड में गैंगस्टर अजय वर्मा से बेऊर जेल में पुलिस ने की पूछताछ की है।

गाड़ी का शीशा बंद होने के बावजूद शूटर ने बाहर से ही सीधे सिर में गोली मार दी। घटनास्थल के आसपास शूटर अकेले ही दिख रहा है। इसका मतलब कि वह हत्या करने के इरादे से ही आया था और काफी देर से इंतजार कर रहा था। इस वारदात में किसी ने लाइनर का काम भी किया है। ऐसी आशंका है कि शूटर गोपाल खेमका के घर का पास छिप कर बैठा था।

तीन दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गएः पुलिस टीम ने गांधी मैदान के इआसपास लगे तीन दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है। पुलिस सूत्रों की मानें तो शूटर घटनास्थल के पास ही टहल रहा था। वह गोपाल खेमका के पहुंचने के इंतजार में था। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह स्कूटी से जेपी गोलंबर होते हुए गंगा पथ की ओर जाते दिखा।

उसका अंतिम लोकेशन हाजीपुर में मिला है। इसके बाद सीसीटीवी में उसका कोई पता नहीं चल रहा है। इस आधार पर पुलिस को शक है कि शूटर उत्तर बिहार के किसी जिले से आया होगा या उसने झांसा देने के लिए ऐसा किया होगा। गोपाल खेमका एक साफ-सुझरी छवि के कारोबारी थे। पुलिस यह पता लगा रही है कि कहीं कोई उन्हें परेशान तो नहीं कर रहा था।

**हत्याकांड के पीछे सामने आ रही है पुरानी रंजिश:** डीजीपी ने कहा कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस को मामले में कुछ अहम सुराग मिले हैं। घटना उस समय हुई जब वह बांकीपुर क्लब से लौट रहे थे। जांच के आधार पर पुलिस को हत्यारे और उससे जुड़े लोगों से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। खेमका के बेटे की भी 2018 में हाजीपुर में जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद गोपाल खेमका को सुरक्षा प्रदान की गई थी। अप्रैल 2024 में इसे वापस ले लिया गया और उसके बाद उन्होंने कभी सुरक्षा के लिए अनुरोध नहीं किया। शुक्रवार की घटना के बाद पुलिस ने उनके दूसरे बेटे, जो पेशे से डॉक्टर हैं और परिवार के अन्य सदस्यों को सुरक्षा प्रदान की है। पुलिस ने पटना की बेउर जेल तलाशी ली और कथित तौर पर घटना के सिलसिले में कुछ कैदियों से पूछताछ की। शनिवार शाम को पटना पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन मोबाइल फोन (सिम कार्ड के साथ), एक डेटा केबल और एक कागज का टुकड़ा बरामद किया, जिस पर कई मोबाइल नंबर लिखे हुए थे।




## पाकिस्तान को बड़ा झटका, 25 साल बाद माइक्रोसॉफ्ट ने समेटा अपना बोरिया-बिस्तर

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र को आघात पहुंचाने वाले घटनाक्रम के तहत दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने देश में अपना 25 साल पुराना परिचालन बंद कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट के खामोशी के साथ उठाए गए इस कदम की जानकारी पाकिस्तान में माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक प्रबंधक जवाद रहमान ने अपने एक लिंक्डइन पोस्ट में दी। रहमान ने पाकिस्तान में माइक्रोसॉफ्ट को स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने पाकिस्तान में मौजूदा की स्थितियों में व्यवसायों के सामने आ रही चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला है।

**माइक्रोसॉफ्ट ने वर्ष 2000 में पाकिस्तान में परिचालन शुरू किया था, जिसकी शुरूआत डिजिटल परिवर्तन और तकनीक-अनुकूल सहयोग की महत्वाकांक्षाओं के साथ हुई थी। इससे पहले कंपनी ने इसी सप्ताह पाकिस्तान में अपने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की थी।**

माइक्रोसॉफ्ट ने वर्ष 2000 में पाकिस्तान में परिचालन शुरू किया था, जिसकी शुरूआत डिजिटल परिवर्तन और तकनीक-अनुकूल सहयोग की महत्वाकांक्षाओं के साथ हुई थी। इससे पहले कंपनी ने इसी सप्ताह पाकिस्तान में अपने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की थी। माइक्रोसॉफ्ट ने इन 25 वर्षों में विभिन्न उद्योगों में उद्यम समाधान लागू करके तथा विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सरकार के साथ सहयोग किया। कंपनी ने देश के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम की देखरेख करके पाकिस्तान के आईटी क्षेत्र को विकसित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है।

माइक्रोसॉफ्ट ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब पाकिस्तान गंभीर आर्थिक स्थिति में है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व राष्ट्रपति डॉ आरिफ अल्वी ने माइक्रोसॉफ्ट के इस फैसले पर निराशा व्यक्त की और देश के आर्थिक भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की है। माइक्रोसॉफ्ट ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि वह पाकिस्तान में परिचालन क्यों बंद किया है।

## आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट में बोले पीयूष गोयल, देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

**बेंगलुरु :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शनिवार को आयोजित आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट संगम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने और पांच प्रणों को लेकर विस्तार से बात की।

पीयूष गोयल ने कहा कि देश अब एक निर्णायक दौर में है, जहां हम भविष्य के भारत की नींव रख रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब भारत को दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। लेकिन बीते 10 साल में देश ने बहुत सारे मिशनों पर काम किया, जिसमें स्वच्छ भारत, स्टार्टअप इंडियाजैसे कार्यक्रमों ने आम आदमी तक पहुंच बनाई और जमीनी बदलाव लाए। पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चुका है और अगर यही रफ्तार बनी रही, तो 2027 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं।

**उन्होंने कहा कि दुनिया ने इसके लिए भारत को धन्यवाद दिया, लेकिन अफ़सोस की बात है कि कुछ लोग, विशेषकर कुछ राज्यों के नेता, इसे ठीक से समझ नहीं पाए। उन्होंने हालिया बजट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए इनोवेटिव इंडस्ट्री के लिए आवंटित किए हैं, ताकि युवा भारत को नए अवसर मिलें और अनुसंधान को बढ़ावा मिले।**

**पीयूष गोयल ने पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने ह्लजय जवान, जय किसानह्व का नारा दिया, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान जोड़ा, और अब प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें चौथा आयाम जय अनुसंधान (रिसर्च) जोड़ दिया है। अब भारत ऐसा देश बनता जा रहा है जहां प्रतिभा बाहर नहीं जा रही, बल्कि बाहर से भारत की ओर आकर्षित हो रही है।**

उन्होंने कहा, आज जो भी नीतियां बनाई जा रही हैं, वे आने वाले भविष्य के भारत को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही हैं। तकनीक को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब नई तकनीकों से डरता नहीं है, बल्कि उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास हमें दुनिया के बेहतरीन देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाता है। कोविड महामारी के दौरान भारत ने 100 से ज्यादा देशों को वैक्सीन भेजी।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने इसके लिए भारत को धन्यवाद दिया, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग, विशेषकर कुछ राज्यों के नेता, इसे ठीक से समझ नहीं पाए। उन्होंने हालिया बजट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए इनोवेटिव इंडस्ट्री के लिए आवंटित किए हैं, ताकि युवा भारत को नए अवसर मिलें और अनुसंधान को बढ़ावा मिले। पीयूष गोयल ने पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने ह्लजय जवान, जय किसानह्व का नारा दिया, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान जोड़ा, और अब प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें चौथा आयाम जय अनुसंधान (रिसर्च) जोड़ दिया है। अब भारत ऐसा देश बनता जा रहा है जहां प्रतिभा बाहर नहीं जा रही, बल्कि बाहर से भारत की ओर आकर्षित हो रही है।



# एक लाख तीस हजार के जाली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

**संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना परिसर में चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला ( पुलिस कप्तान हरीश बिन जामां ) महोदय को एक गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार में कुछ लोग सवार हैं और गुमला से जशपुर ( छत्तीसगढ़) की ओर जा रहे हैं , और उनके पास जाली नोट है , जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुयें पुलिस कप्तान हरीश बिन जामां ) ने चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया , जिसमें रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह , पुअनि अजय यादव , गुमला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के क्यूआरटी टीम तथा रायडीह थाना पुलिस के रिजर्व गार्ड के जवानों को उक्त संबंध में विशेष दिशा निर्देश दी गई, जिस पर कार्रवाई करते हुए , उक्त छापामारी दल ने रायडीह



थाना गेट के समक्ष बेरिकेडिंग लगा कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया , कुछ देर बाद अचानक एक कार चालक ने पुलिस के साथ उक्त दृश्य देखकर , वह अपने कर को पीछे घूम कर भागने का कोशिश करने लगा , इसी क्रम में पुलिस के जवानों ने उक्त कार को चारों तरफ से घेराबंदी कर उक्त आर्टिगा कार जे. एच. 01 ई .ई. 0585 को चारों तरफ से घेर लिया और कर में बैठे उक्त लोगों से गहराई से पूछताछ करने पर उक्त आरोपीयों ने अपना नाम पता बताया जशपुर जिला अंतर्गत स्थित झारमुण्डा पोस्ट अंकिरा थाना तुमला निवासी 52 वर्षीय सुधनराम यादव ( पिता - भकतो राम यादव) , जशपुर जिला अंतर्गत ग्राम - पोस्ट गोरया थाना नारायणपुर (छत्तीसगढ़) निवासी 42 वर्षीय गोस्वामी चौहान ( पिता - पिछारू राम) उसी गांव के 28 वर्षीय दिलीप कुमार ( पिता - हुरा राम ) उनके पास से तलाशी लेने पर , 500 का कुल 260 - जाली नोट ( एक लाख तीस हजार) तथा 500 का 5 असली नोट ( कुल 2,500 ) रूपया , दो मोबाइल फोन और एक काले रंग का बाग और उक्त कार बरामद किया गया, उन्होंने अपने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि छोटा बाजार आदि में उक्त नोटों को चलते हैं और अपना गुजर बसर करते हैं, बाद में उन्हें आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए और न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए, और न्यायिक हिरासत में लेकर उन्हें गुमला जेल भेज दिया गया हैं। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन में जुटी और जाली नोट खरीद बिक्री करने वाले तक पहुंचने की कोशिश में लगी पुलिस।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मधुमक्खी पालन में सिमडेगा मॉडल से प्रभावित हुई राज्य कार्यालय

**सिमडेगा :** राज्य कार्यालय, पलाश जेएसएलपीएस तथा लातेहार जिला से आए अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज सिमडेगा जिले के कोलेबिरा एवं बासिया प्रखंडों के मधुमक्खी पालन (अपिकल्चर) परियोजनाओं के अध्ययन हेतु भ्रमण पर पहुँचा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे सफल उद्यमिता प्रयासों का अवलोकन किया और अनुभव साझा किए।

प्रतिनिधिमंडल में राज्य कार्यालय सपोर्ट के खालिद हुसैन (प्रोजेक्ट मैनेजर), श्री विवेक दुबे एवं सुश्री प्रज्ञजा गुप्ता (प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव), तथा श्री लावेश कुमार (स्टेट रिसोर्स पर्सन) शामिल थे। लातेहार जिले से श्री संतोष कुमार (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), श्री अंकित कुमार (जिला प्रबंधक - आजीविका), श्री आलोक कुमार (बीपीएम - लातेहार सदर) एवं श्री रामगिरी उरांव (बीपीएम - मनिका) उपस्थित रहे।

भ्रमण की शुरूआत कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा गांव से हुई, जहाँ एपिस सेरेना इंडिका प्रजाति की मधुमक्खियों के 22 बॉक्सों में पालन कर रहे एक स्थानीय किसान ने समूह को लाइव डेमो के माध्यम से मधुमक्खी पालन, शहद संग्रहण तथा छत्तों की देखभाल की जानकारी दी। यह अनुभव सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक रहा।

इसके बाद बासिया प्रखंड के कुदलगा गांव में भ्रमण किया गया, जहाँ जलडेगा प्रखंड से प्रवासी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा एपिस मेलिफेरा प्रजाति के 400 से अधिक बॉक्सों का व्यवस्थित संचालन किया जा रहा है। इन महिलाओं ने अपनी उद्यमिता की विस्तृत व्याख्या, उत्पादन विधियाँ तथा व्यवसाय की प्रगति साझा की, जिसने प्रतिनिधियों को अत्यंत प्रभावित किया।

भ्रमण के दौरान रागी मूल्य संवर्धन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ एफपीओ द्वारा पोषणयुक्त रागी लड्डू, एवं रागी के अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। टीम ने इस पहल की सराहना की और ग्रामीण महिलाओं द्वारा किए जा रहे नवाचारों को सराहा।

तदुपरांत भ्रमण दल कोलेबिरा स्थित पालाश दीदी कैफे में भोजन करते हुए पलाश दीदी कैफे की दीदियों से भी बात चित की। सभी मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा लातेहार के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को स्मृति स्वरूप रागी लड्डू भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शांति मार्डी सहित पलाश जेएसएलपीएस सिमडेगा के जिला कर्मी एवं प्रखंड कर्मी भी उपस्थित हुए। यह अध्ययन भ्रमण न केवल अनुभव साझा करने का अवसर बना, बल्कि अन्य जिलों को भी ग्रामीण उद्यमिता के सफल मॉडल अपनाने हेतु प्रेरित करेगा।

### चौंकिए मत : यह कचरों का नहीं है ढ़ेर बल्कि नये साईकिलों का है जखीरा



विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में नई साईकिल को आपूर्तिकर्ता ने अपनी जवाबदेही से मुक्ति पा लिया है किंतु विद्यालय परिसर में यह साईकिल दिखाई पड़ रहा है कचरों का ढेर। महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के प्रांगण में विशालकाय ट्रक से विद्यालय में नई साईकिलों को पहुंचा कर आपूर्तिकर्ता ने अपनी जवाबदेही और कर्तव्य का समापन तो कर लिया किन्तु इसे उक्त स्थल पर खुले तौर पर रख दिया जिससे वो कचरे का ढेर नजर आ रहा है। बारिश से पानी और कचरे के बीच नई साईकिलों ने अपना शक्ल और सूरत दोनों खो दिया है अब यह इस रूप में कब तक रहेंगे कहा नहीं जा सकता क्योंकि इन्हें अपना शक्ल और आकार भी ग्रहण कर छात्रों के लिए कारगर और उपयोगी बनना और सिद्ध होना है।

### सौतेले भाई ने की भाई की हत्या

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र के गूंगा टोली ग्राम में सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया हैं, मृतक 22 वर्षीय विवेक उरांव की मौसी कमल कच्छप ने अपने मृतक भांजे विवेक उरांव की हत्या करने से संबंधित एक लिखित आवेदन देकर बिशुनपुर पुलिस थाना को बताया था की सरकारी नौकरी पाने के लालच में आकर सौतेले भाई विवेक उरांव की हत्या उसके सौतेले भाई रितिक उरांव एवं उनके परिवार के लोगों ने कर दी हैं , जिसपर बिशुनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उक्त हत्याकांड के आरोपी सौतेला भाई रितिक उरांव के अलावा मृतक विवेक उरांव की सौतेली मां बसन्ती देवी, सौतेले पिता अशोक खेरवार और उसके दोस्त रॉकी बरवा को उक्त हत्याकांड के आरोप में उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए , उक्त आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुयें और न्यायिक हिरासत में लेते हुए उन्हें गुमला जेल भेज दिया गया हैं।

### श्रावणी मेला क्षेत्र तंबाकू मुक्त घोषित

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गयी कि राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की सम्पूर्ण अवधि दिनांक-11.07.2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक-09.08.2025 तक के लिए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को गैर धुम्रपान क्षेत्र/तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार आम जनमानस में तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने एवं सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 (कोटपा, 2003) के प्रभावकारी अनुपालन हेतु कृत संकल्पित है। इस कानून की धारा चार के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंध है। साथ ही मेला क्षेत्र में तम्बाकू के दुष्परिणामों को लेकर विशेष जागरूकता के तहत व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार

**सिमडेगा :** गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि, ओड़िसा से सिमडेगा की ओर जाने वाली बस से अवैध गांजा की तस्करी की जा रही है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा खमनटांड़ चेकनाका, बांसजोर में वाहन चेकिंग के क्रम में समय करीब 18:00 बजे संध्या में झारसुगुड़ा से गया की ओर जाने वाली बस डरफ्ळउ बस रजि0 न0 डऊ02 उह 3831 बस में सवार 1. कैलाश चन्द्र सुरीन, उम्र-करीब 25 वर्ष, पिता- कृष्णा सुरीन, सा0- नागगोड़ा थाना+जिला- देवगढ़, ओड़िसा, 2. पवनदीप सिंह, उम्र- 28 वर्ष, पिता- परगट सिंह, सा0- गांधी रोड न्यू बस स्टैंड, राउरकेला, थाना- प्लांट साईट, जिला- सुन्दरगढ़ ओड़िसा, 3. अनिमेश कुमार महतो, उम्र- 28 वर्ष, पिता- अशोक महतो, सा0- जगदा, प्लॉट न0 19/पी0, राउरकेला, थाना- झिरपानी, जिला- सुन्दरगढ़, ओड़िसा, के पास से बैग में करीब 4 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

# उपायुक्त ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, 108 एम्बुलेंस व्यवस्था पर जताई चिंता



**संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह ने सदर अस्पताल, सिमडेगा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की संचालन व्यवस्था का जायजा लिया और सिविल सर्जन से 108 एम्बुलेंस सेवाओं की जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने बताया कि जिले में 108 एम्बुलेंस 14 है, जिसमें से 11 खराब हैं और केवल 3 एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं।

इस पर उपायुक्त ने 108 एम्बुलेंस संचालक को बुलाने की बात कहीं तथा सभी खराब एम्बुलेंस को शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश जारी करने की बात कहीं। उन्होंने जिले में अन्य मदों से उपलब्ध एम्बुलेंस की व्यवस्था स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सभी एम्बुलेंस चालकों, अस्पताल प्रबंधक व सिविल सर्जन के मोबाइल नंबर सार्वजनिक स्थानों पर बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने तथा इन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी आदेश दिया। ताकि मरीजों एवं घायलों को समय पर चिकित्सा सेवा मिल सके।

इसके बाद महिला वार्ड निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और इलाज में हुए सुधार की रिपोर्ट की जांच की। औचक निरीक्षण के दौरान ओपीडी, ड्यूटी रोस्टर, उपस्थिति रजिस्टर एवं बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की भी समीक्षा की गई, जिसमें एक डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को डॉक्टर से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा सदर अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को मिलने वाली भोजन की भी समीक्षा की, निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन मुहैया करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त महोदया ने कुरडेग-सिमडेगा रोड पर झारेन मोड़ के पास दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की हालत का जायजा ड्रेसिंग रूम में लिया। डॉक्टरों ने मरीज को रांची रिम्स रेफर करने की बात कही, लेकिन कुछ समय बाद दुर्भाग्यवश उसकी मृत्यु हो गई।

अंत में उपायुक्त ने ब्लड बैंक केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि वर्तमान में 45 यूनिट ब्लड उपलब्ध है। उपायुक्त ने महीने भर में ब्लड की आवश्यकता का मूल्यांकन करने तथा सिकल सेल एनीमिया पीड़ितों को उपलब्ध ब्लड की जानकारी रखने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 56 सिकल सेल मरीज चिन्हित हैं, जिन्हें आवश्यकता अनुसार ब्लड दिया जा रहा है।

# मधूसुदन 10+2 उच्च विद्यालय के मेधावी छात्र यश भारद्वाज को किया गया सम्मानित



**चाईबासा :** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी दमदार पहचान रखने वाले मधुसूदन विद्यालय के अव्वल छात्रों को कोल्हान विश्वविद्यालय के सभागार में हिंदी दैनिक भास्कर के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस क्रम में झारखंड के वरीय पत्रकार एवं बीएम न्यूज के संपादक विनय मिश्रा एवं ज्योति मिश्रा के पुत्र यश भारद्वाज को सम्मानित करने के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत लगन और विद्यालय के बेहतर पठन पाठन के फलस्वरूप यह लक्ष्य हासिल किया है भविष्य में भी सभी छात्र सफलता के परचम लहराए यही उनकी शुभकामना है। वहीं मधुसूदन 10+2 उच्च विद्यालय के निदेशक बलराज हिंदवार एवं विद्यालय के प्राचार्य के नागा राजू ने छात्रों के सम्मानित होने पर हर्ष और गौरव व्यक्त किया है।

# गुमला पुलिस कप्तान को नशामुक्त अभियान में मिली बड़ी सफलता

## गुप्त सूचना पर एक ट्रक बियर और केन बियर बरामद

## ट्रक में रूई में छुपाकर 1,020 पेटी बियर और केन बियर ले जाया जा रहा था बिहार

## ट्रक चालक और उसका सहयोगी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया गुमला जेल,

## ट्रक सहित 1,020 पेटी बियर बरामद

**संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां को, नशामुक्त अभियान के तहत मिली बड़ी सफलता , उन्होंने पदभार ग्रहण करते हुए कहा था की नशा - नशेबाज और प्रतिबंधित नशीले पदार्थ के धंधेबाजों के सांठगांठ से ही होता हैं अपराध का



जन्म, अतः उक्त धंधों पर नकल कसकर और उन्हें सलाखों के पीछे डालकर ही अपराध को नियंत्रित किया जा सकता है , अतः मेरा मुख्य उद्देश्य होगा नशा और अपराध पर नियंत्रण पाना, गुमला जिला पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया की 3 जुलाई 2025 को मुझे एक गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक में लोड कर काफी मात्रा में अवैध शराब ( बियर - केन बियर )और बियर गुमला बाईपास से रांची जाने वाली है , उक्त गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मैंने ( पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां )अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया , इसमें महेंद्र कुमार करमाली पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी गुमला , पुअनि विनय कुमार महतो , सअनि सुनील कुमार , एवं गुमला सदर थाना के सशस्त्र बल को उक्त गुप्त सूचना की सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया, जिसका पालन करते हुए, उन्होंने उक्त छापामारी दल ने आवश्यक कार्रवाई करने के उद्देश्य से गुमला सदर थाना से समय 22.25 बजे उक्त गुप्त स्थान पुग्गु वाईपास सड़क पर पहुंच कर उक्त स्थान पर वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दी , इसी दौरान कुछ देर के बाद एक ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर यू .पी . 25 सी . टी . 2916 - गुमला वाईपास रोड से रांची की ओर आते दिखाई दिया , जिसे रोकने का इशारा करने पर उक्त ट्रक के चालक द्वारा अपने ट्रक को तेज गति से रांची की ओर भागने लगा, जिसे गुमला पुलिस गाड़ी से पीछा कर उक्त ट्रक को जबरन रोका गया, और उक्त ट्रक चालक एवं एक अन्य सहयोगी को ट्रक से नीचे उतर कर, पूछताछ करने पर उक्त ट्रक चालक ने अपना नाम 21 वर्षीय अकबर खान ( पिता - गुलाब खान ) ग्राम धीरासर नेत्रद, तथा सहयोग 22 वर्षीय सरीफ खान ( पिता -सुभान खान ) ग्राम आलमसर दिनगढ , थाना धनउ (दोनों का) जिला बाड़मेर ( राजस्थान) बताया और पुछताछ करते पर उन्होंने बताया की उक्त ट्रक में रूई लोड है , उक्त संबंध में कागजात मांगने पर उन्होंने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया , शक होने पर गुमला पुलिस ने उक्त दोनों व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि रूई के नीचे ळवइडफ्क्ष्अठऊङ'ठक्ष्त्रंरत्नएफ कंपनी का बियर 1,020 पेटी हैं, जिसे छुपा कर बिहार ले जाने की बात बताया, उसके बाद उक्त ट्रक को विधिवत तलाशी लेने पर उक्त कंपनी का केन बियर का पेटी है, सभी पर केन बियर के बोतल पर लिखा हुआ पाया गया , शराब की पेटी ज्यादा मात्रा में रहने के कारण एवं अंधेरा होने के कारण उक्त ट्रक चालक और उसके सहयोगी सहित उक्त ट्रक को गुमला सदर थाना लाया गया , और उक्त ट्रक से शराब की पेटी को उतार कर मिलान करने पर ळवइडफ्क्ष् केन बियर 500 एम.एल. का कुछ 730 पेटी जिसमें एक पेटी में कुल 24 पीस कैन बियर , तथा ङ'ठक्ष्क्षअ रत्नएफ, कंपनी का केन बियर 500 एम.एल.का कुल 290 पेटी जिसमें एक पेटी में कल 24 पीस - कुल 1,120 पेटी केन बियर बरामद किया गया और उक्त चालक और उसके सहयोगी से आवश्यक पूछताछ एवं कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय एवं मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर, उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए गुमला जेल भेज दिया गया हैं।